'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 148 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 13 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

नवनिर्मित कांग्रेस कार्यालय का भव्य शुभारंभ : मनोज अग्रवाल

Page 3

हर घर तिरंगा मुहिम के तहत नागरिक अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर लगाएं तिरंगा : मुख्यमंत्री

विकसित राष्ट्र बनाने में प्रत्येक हरियाणावासी बढ़-चढ़ कर दे रहा है अपना योगदान - मुख्यमंत्री

नायब सिंह सैनी ने कालका मंडी से तिरंगा यात्रा को किया रवाना

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तिरंगा हमारी शान है, जान है और इसका सम्मान बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई हर घर तिरंगा मुहिम में भागीदारी करते हुए अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाएं और देश के लिए मर-मिटने वाले रणबांकुरों द्वारा देखे गए नए भारत के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें। नायब सिंह सैनी आज जिला पंचकूला के कालका में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भारत माता की जय के उद्घोषों के साथ तिरंगा यात्रा को रवाना किया। देशभक्ति से ओतप्रोत यह यात्रा कालका मंडी से शुरू होकर श्री काली माता मंदिर, कालका में सम्पन्न हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक श्री काली माता मंदिर कालका में माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में भी शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। काली माता मंदिर से कालका मंडी कार्यक्रम स्थल तक स्थानीय लोगों और बच्चों ने मुख्यमंत्री का फूलों से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी सहर्ष लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

स्वतंत्रता दिवस क्रांतिकारियों और वीर शहीदों को स्मरण करने का दिन

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह दिन उन क्रांतिकारियों और वीर शहीदों को स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने हमारी भारत मां की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया है ताकि हम देश को आजादी दिलवाने वाले असंख्य वीरों की शहादत को याद कर सकें। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने में 140 करोड़ देशवासी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा भी प्रधानमंत्री के इस संकल्प को पूरा करने में पीछे नहीं है और प्रदेश का एक-एक नागरिक इस मुहिम में बढ़-चढ़ कर अपना योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि वे जन्मदिन, वर्षगांठ या परिवार में अन्य खुशी के मौकों पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं और उनका संरक्षण भी करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश की प्राचीन योग शैली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलवाई। इस मौके पर पूर्व विधायिका श्रीमती लतिका शर्मा, वरिष्ठ नेत्री श्रीमती बंतो कटारिया, उपायुक्त डॉ. यश गर्ग, पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक, एसडीएम कालका लक्षित सरीन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अंतोदय परिवारों को 500 रुपये में मिलेगा घरेलू गैस सिलेंडर, लगभग 50 लाख परिवारों को मिलेगा लाभ : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने हर घर-हर गृहिणी योजना का आनलाइन पोर्टल किया लांच

योजना से प्रदेश की बहनों को 1500 करोड़ रुपये सालाना का मिलेगा लाभ : मुख्यमंत्री

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाली तीज के पर्व पर जींद की पावन धरा पर हुए सम्मेलन में उन्होंने घोषणा की थी कि प्रदेश के लगभग 50 लाख अंत्योदय परिवारों को 500 रुपये में घरेलू गैस का सिलेंडर मिलेगा। आज उस घोषणा के तहत हर घर-हर गृहिणी योजना के नाम से आनलाइन पोर्टल लांच करके मूर्त रूप दिया गया है। इस योजना से प्रदेश की बहनों को 1500 करोड़ रुपये सालाना का लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार का उद्देश्य है कि गरीब और अंतोदय के जीवन को सुगम बनाना है। इसी कड़ी में पोर्टल के तहत लगभग 50 लाख बीपीएल परिवारों को 500 रुपये में गैस का सिलेंडर दिया जाएगा। सिलेंडर पर 500 रुपये अधिक खर्च होने वाली राशि हरियाणा सरकार वहन करेगी। उपभोक्ता के खाते में सबसिडी का पैसा वापस डाल दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उपभोक्ता घर बैठे ही एक बार ही https://epds.haryanafood.gov.in लिंक पर पंजीकरण करवाकर योजना का लाभ ले सकते हैं। उपभोक्ता वर्ष में 12 सिलेंडर भरवा सकते हैं। गैस सिलेंडर भरवाने पर शेष राशि (500 रुपये से अधिक) प्रत्येक मास उनके खाते में वापस डाली दी जाएगी। इसकी सूचना उपभोक्ता के मोबाइल फोन पर एसएमएस के जरिये दी जाएगी। इस अवसर पर खाद्य नागरिक एवं उपभोक्ता मामले विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव श्रीमती आशीमा बराड़, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री मंदीप सिंह बराड़ मौजूद रहे।

नई शिक्षा नीति लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बनने का गौरव प्राप्त करेगा : राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षा समाज की उन्नति के लिए भविष्य को सुरक्षित करने वाला निवेश है, जिससे राष्ट्र के हर व्यक्ति के जीवन में उजियाला आता है और वह सदैव कांतिमय बनकर चमकता है।

राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय आज हरियाणा राजभवन चंडीगढ़ में आयोजित समीक्षा बैठक में राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों व कुलसचिवों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय शिक्षा व्यवस्था के लिए गेम चेंजर साबित होगी। नई शिक्षा नीति यह भी सुनिश्चित करती है कि सभी गतिविधियाँ एक ही लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा' की ओर निर्देशित हों। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि नई शिक्षा नीति लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बनने का गौरव प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 का क्षेत्र बहुत विशाल और लचीला है। यह व्यापक होने के साथ-साथ अथाह भी है। नई शिक्षा नीति को लागू कर हम निर्धारित समयावधि में नौजवानों को विश्व स्तरीय गुणवत्ता पूर्वक और रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध करवा सकें। उन्होंने आज नई शिक्षा नीति को प्रदेश में किस प्रकार जल्दी से जल्दी पूर्ण रूप से लागू किया जाए, विश्वविद्यालयों में नियमित पदों के विरुद्ध भर्ती मेरिट आधार पर पारदर्शी तरीके से पूरी करने जैसे कुछ गंभीर विषयों पर भी चर्चा की। इसके साथ ही उन्नत भारत अभियान के तहत प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा दो गांवों को गोद लेने के बारे में भी चर्चा हुई।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर के अग्रणी विश्वविद्यालयों के साथ अनुबंध करें और विद्यार्थियों को दूसरे देशों में भी जाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित करें। दूसरे देशों के बच्चों को भी अपने देश में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आकर्षित करना चाहिए। इसके साथ ही प्रत्येक विश्वविद्यालय में मातृभाषा में शिक्षा देने को भी प्रोत्साहित करना भी कारगर कदम होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन, एज कंप्यूटिंग, क्वांटम कंप्यूटिंग, वर्चुअल रियलिटी, साइबर सिक्योरिटी और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे नए कोर्स शुरू करने पर ध्यान देना चाहिए। जिससे विद्यार्थी अपनी शिक्षा पूर्ण करने के बाद स्टार्टअप्स शुरू करें और जॉब क्रिएटर बनें। उन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा नई शिक्षा नीति लागू करने के प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य विश्वविद्यालयों को इनका अनुसरण करने की सलाह दी।

इस अवसर पर मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद, कृषि एवं किसान कल्याण तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजा शेखर वुंडरू, मेडिकल एजूकेशन और रिसर्च विभाग के महानिदेशक साकेत कुमार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव डॉ. डी. सुरेश, राज्यपाल के सचिव अतुल द्विवेदी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के निदेशक राज नारयण कौशिक, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के चेयरपर्सन डॉ. कैलाश चंद्र शर्मा, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. एस. के. गक्खड़ सहित राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपति व कुलसचिव भी मौजूद रहे।

अपराधी सरेआम कर रहे हैं वारदात सरकार आंख मूंद कर देख रही है तमाशा : कुमारी सैलजा

हरियाणा बनता जा रहा है अपराध की राजधानी, रोजाना हो रही है हत्याएं, लूट, गोलीबारी, मांगी जा रही रंगदारी, फिरोती

बढ़ते अपराध का कारण प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी और नशा, नहीं जागे तो और बढ़ेगा अपराध

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में अपराधी सरेआम वारदातें कर रहे हैं और सरकार आंख मूंद कर तमाशा देखने में लगी हुई है। हरियाणा अपराध की राजधानी बनता जा रहा है। रोजाना हत्याएं, लूट, गोलीबारी की वारदातें हो रही है तो कहीं पर रंगदारी और फिरोती मांगी जा रही है। इतना ही नहीं अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद है कि सरेआम प्रतिष्ठानों पर गोलियां चलाकर दहशत फैलाई जा रही है। जो सरकार जनता को सुरक्षा न कर सके ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं हैं। दशहत में जीने वाली जनता इस बार भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाकर रहेगी।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि जिस प्रदेश का मुखिया यह कह जाए कि सभी की सुरक्षा प्रदान नहीं की जा सकती तो ऐसे में अपराधियों के हौंसले तो बुलंद होंगे ही। भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है अपराधियों पर लगाम नहीं लगा पाई है, पिछले कुछ माह से अपराधों में काफी तेजी आई है, नशा तस्करों पर अंकुश नहीं लग पाया है, छोटी मछलियां पकड़कर पुलिस और सरकार अपनी पीठ थपथपाने में लगी हुई है, सिरसा और आसपास के जिलों में नशा फैला हुआ है आए दिन नशे के शिकार युवा दम तोड़ रहे है, घर के घर बरबाद हो चुके है, पुलिस जब तक नशा तस्करों की चेन नहीं तोड़ेगी तब तक कुछ होने वाला नहीं है। सरकार को अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि बढ़ते अपराध की जड़ नशा है, नशा बढ़ रहा है और अपराध भी बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हांसी और हिसार दोनों ही जगह पर रंगदारी और फिरोती की वारदातें सबसे ज्यादा बढ़ी है, हांसी में एक व्यापारी की हत्या कर दी गई थी तो हिसार में एक शो रूम पर सरेआम ताबडतोड़ गोलियां बरसाई गई थी। अब हिसार में राजेंद्र शर्मा से 02 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी जा रही है। व्यापारी दहशत के साये में जी रहे है, असुरक्षा की भावना के चलते व्यापारी प्रदेश से पलायन के बारे में सोच रहे हैं। सुरक्षा और अपराधियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर जगह जगह पर व्यापारी धरना प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने कहा कि सरकारों की अनदेखी के चलते आज पूरे हरियाणा में व्यापारी व उद्योगपति भय के माहौल में जी रहे हैं, जब व्यापारी व उद्योगपति की जान-माल की सुरक्षा ही नहीं होगी तो व्यापारी कैसे व्यापार कर पाएगा। यही वजह है कि भाजपा के राज में अपराध बढ़ने से व्यापार व उद्योग पिछड़ता जा रहा है, इस वजह से भी प्रदेश में लगातार बेरोजगारी बढ़ रही है। सरकार अपराध पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से विफल रही है।

अवंती बाई लोधी के जन्मदिवस मनाने पर की चर्चा

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। लोधी राजपूत जनकल्याण समिति फरीदाबाद द्वारा समिति कार्यालय पर सामाजिक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का 193 वां जन्मदिन 16 अगस्त 2024 को प्रात: 9.30 बजे वीरांगना के नाम से एनआईटी फरीदाबाद में स्थित चौक पर मनाया जायेगा। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा एक पेड़-वीरांगना के नाम रोपित किया जायेगा। इस अवसर पर लाखन सिंह लोधी, रूपसिंह लोधी, धर्मपाल सिंह लोधी, नंदकिशोर लोधी, नौनिहाल सिंह लोधी, लोधी जगविजय वर्मा, राजेश लोधी, जागेश्वर राजपूत, अर्जुन सिंह लोधी, भूदेव सिंह लोधी, प्रतापसिंह लोधी, राकेश लोधी, भाई लाल लोधी, बलराम लोधी, मुकेश राजपूत, शीशपाल शास्त्री, ओमप्रकाश लोधी, उदयवीर सिंह लोधी, नरेंद्र सिंह लोधी, विजय पाल सिंह लोधी, सूरजपाल सिंह लोधी आदि उपस्थित रहे।

शराब तस्कर 144 बोतल सहित गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। पुलिस चौकी पीपी नंबर 3 टीम ने शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अमरदीप हैप्पी होम सेक्टर 82, बीपीटीपी का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से नाकाबंदी कर मस्जिद चौक से गाड़ी में शराब ले जाते हुए काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी से मौके पर 144 बोतल अंग्रेजी शराब रेड लेबल बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना टकळ शराब तस्करी की धारा में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आए कि आरोपी पहले ठेके पर नौकरी करता था। आरोपी मुनाफा कमाने के लिए ठेके से शराब खरीद कर फुटकर में बेचना चाहता था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

शहीदों के प्रति शुक्रगुजार रहें देशवासीः राजेश नागर

कौराली गांव में शहीद देवेंद्र सिंह भाटी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। विधायक राजेश नागर ने गांव कौराली में तिरंगा यात्रा निकालकर अमर शहीद देवेंद्र सिंह भाटी की प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया और यहां एक पेड़ मां के नाम लगाकर सभी को पर्यावरण के प्रति प्रेरित किया।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि 15 अगस्त हमें हमारी स्वतंत्रता के प्रति सचेत करता है और देश की आजादी के लिए शहीद हुए लोगों के प्रति नतमस्तक करता है। हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का दिल से सम्मान करना चाहिए और स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवस पर अवश्य ही अपने भवनों पर तिरंगा फहराना चाहिए। विधायक नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरा देश और देश के बाहर रहने वाले भारतवासी भी 13 से 15 अगस्त तक अपने भवनों पर तिरंगा लहरा रहे हैं साथ ही अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कर रहे हैं।

नागर ने कौराली गांव के शहीद देवेंद्र सिंह भाटी के प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई की और उनकी प्रतिमा को नतमस्तक होकर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही यहां एक पेड़ मां के नाम भी लगाया। उन्होंने सभी से कहा कि पर्यावरण सुरक्षित है तो जीवन सुरक्षित है। इसलिए इस स्वतंत्रता दिवस पर सभी देश के पर्यावरण को सुधारने और अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने की प्रेरणा लें। नागर ने कहा कि हम सभी को भाईचारा के साथ रहना है और देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखना है।

राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की जा रही घोषणाओं से विपक्ष सन्न है। विपक्ष को समझ नहीं आ रहा है कि वह जनता के बीच में कैसे जाएं। तमाम घोटालों को अंजाम देने वाला विपक्ष आज सत्ता की मलाई चाटने के लिए बेताब नजर आ रहा है। इसके लिए वह किसान, खिलाड़ी, मजदूर सभी को झूठ आंकड़े दिखाकर बरगलाने की कोशिश कर रहा है। जबकि हरियाणा की जनता तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लोगों को भाजपा के साथ मजबूती से जोड़ रहे हैं।

इस अवसर पर अशोक सरपंच कौराली, अजीत सिंह, रोतान सिंह पूर्व सरपंच कौराली, राजेश सोलंकी पूर्व सरपंच कौराली, महेंद्र सिंहए सुंदर सिंह, नेपाल सिंह, कुलबीर फौजी, भगत सिंह, रूपेश पंच, ब्रह्म फौजी, सतीश सरपंच इमामुद्दीनपुर, मुकेश पूर्व सरपंच चांदपुर, राजेश्वर पूर्व सरपंच, राजेंद्र सिंह, जुगनू पंच, जितेंद्र पंच, तरुण पंच, गोपाल पंच, पवन शर्मा ग्राम सचिव, तेजवीर, रेशम सिंह, रामबीर सिंह अधाना चेयरमेन, दीपक अधाना, तातानी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

एनएचएम कर्मचारियों ने मुंडवाया सिर

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल का जहां 18वां दिन था, वहीं एचआईवी कर्मचारियों की हड़ताल का सोमवार को 12वां दिन था। लेकिन अब तक सरकार ने कर्मियों की एक नहीं सूनी है, जहां उन्होंने तीज का त्योहार हड़ताली तीज के तौर पर मनाया, वहीं सभी मंत्रियों को ज्ञापन भी सौंपे है, लेकिन सरकार ने एनएचएम कर्मचारियों से कोई बातचीत नहीं की। इन कर्मचारियों ने सोमवार को बादशाह खान सिविल अस्पताल से रैली निकालते हुए बीके चौक पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मुंडन कराया। कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें पक्का किया जाए और सातवां वेतन दिया जाए। उनका कहना है कि सरकार मांग मान लेगी तो हड़ताल खत्म कर देंगे, लेकिन सरकार उनकी एक न सुन रही। कर्मचारियों ने बताया कि कोरोना के समय उन्होंने अपनी जान को दाव में लगाकर मरीजों की सेवा की थी। लेकिन अब सरकार हमें आज दिहाड़ी मजदूर बना रही है।

जल भराव कब्रिस्तानों का आफताब अहमद ने किया निरीक्षण, एडीसी से समाधान के लिए कहा

अनिल मोहनियां नूंह

नूंह विधायक व विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने सोमवार को बीते दिनों भारी बारिश के कारण खेतों, कब्रिस्तानों, शहर, बस अड्डे आदि का दौरा कर जायजा लिया। इसके तुरंत बाद विधायक आफताब अहमद जिला उपायुक्त से मिलने पहुंचे लेकिन वो प्रशासनिक कारणों से चंडीगढ़ में थे तो एडीसी प्रदीप कुमार आई ए एस से मिलकर तत्काल समाधान कराने के लिए कहा है। विधायक आफताब अहमद सुबह नूंह के सुड़ाका गांव पहुंचे जहां उन्होंने मुख्य रूप से कब्रिस्तान का जायजा लिया और पाया कि पानी अधिक भरने के कारण स्तिथि खराब है। उन्होंने स्थानीय लोगों से हालात जाने और मौके से ही प्रशासन को अवगत कराया। इसके अलावा विधायक नंगली कब्रिस्तान, नूंह शहर, बस अड्डे सहित आधा दर्जन जगहों पर पहुंचे जहां उन्होंने पाया कि घरों और कब्रिस्तान सहित शहर में जल भराव कई जगह है। विधायक ने कहा कि एक घर गिरा भी है जिसमें एक बच्ची घायल हुई है। विधायक आफताब अहमद ने एडीसी प्रदीप कुमार आई ए एस से बैठक कर जिला लघु सचिवालय पर कहा कि खेतों के साथ साथ, घरों, बस अड्डे, शहर में कई जगहों के साथ साथ कई गांवों में कब्रिस्तानों में भारी मात्रा में पानी जमा हो गया है जिससे कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तुरंत इरिगेशन सिंचाई विभाग और नगर परिषद के अधिकारियों की बैठक लेकर जल निकासी का स्थाई प्रबंध किया जाए। एडीसी प्रदीप कुमार आई ए एस ने विधायक आफताब अहमद को आश्वस्त किया कि प्राथमिकता पर जल निकासी का प्रावधान किया जाएगा ताकि लोगों को दिक्कतें न हो। विधायक ने बारिश से प्रभावित घरों, घायल बच्ची आदि की प्रशासनिक मदद व उपचार के लिए कहा है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कई गांवों से ग्रामीणों ने उन्हें फोन कर जानकारी दी कि कई जगह घरों में, कब्रिस्तानों में भारी मात्रा में पानी जमा हो गया है जिससे उन्हें परेशानी हो रही है इसका संज्ञान लेकर वो ग्रामीणों के पास पहुंचे

और प्रभावित जगहों का निरीक्षण कर हालत देखे। घासेड़ा गाँव में घरों में बीबीपुर और नौशेरा गाँव में मकान और स्कूल में जल भराव की स्तिथि है। समाधान के लिए एडीसी संग बैठक कर निर्देश दिए गए हैं कि सम्बंधित अधिकारियों की बैठक लेकर समाधान कराया जाए। पीसीसी सदस्य महताब अहमद बीबीपुर पहुँचे और प्रभावित लोगों से मिलकर हालात जाने और ध्वस्त हुए मकान का जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय जिम्मेदार लोग विधायक संग मौजूद रहे।

भारी संख्या में युवाओं के साथ विधायक जगदीश नायर ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

समाचार गेट

होडल : होडल क्षेत्र के विधायक जगदीश नायर ने रविवार को सैंकड़ों युवाओं के साथ हसनपुर के गांव मीरपुर कोराली में तिरंगा यात्रा निकाली। उन्होंने गांव के अमर शहीदों प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि देश पर कुर्बानी देने वालों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। विधायक जगदीश नायर ने सबसे पहले देश की आन-बान और शान के लिए अपनी शहादत देने वाले अमर शहीदों के चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों की बदौलत ही आज हम सकुशल हैं। देश पर कुर्बान होने वालों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। हम शहीदों के सदैव ऋणी रहेंगे उन्होंने भारी संख्या में युवाओं के साथ तिरंगा यात्रा निकाली और देश व समाज के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। इस दौरान सरपंच, पंच, मेंबर, आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, शहीद परिवारों से परिजन सहित भारी संख्या में महिलाएं व युवा शामिल रहे।

होडल सर्व कर्मचारी संघ एसकेएस ब्लॉक की हुई मीटिंग

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आवाहन पर आज एसकेएस ब्लॉक होडल की मीटिंग सती सरोवर पार्क में हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान देवेंद्र नंबरदार ने की तथा मंच संचालन ब्लॉक सचिव पवन कुमार ने किया। मीटिंग को संबोधित करते हुए ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन यूनिट प्रधान नरेंद्र सौरोत में बताया कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों से नाराज सभी विभागों के कर्मचारी अपनी मांगों का समाधान न होने के कारण आगामी 18 अगस्त को कुरुक्षेत्र स्थित सीएम आवास का जोर-जोर से घेराव करेंगे। जिसके लिए डोर टू डोर सभी विभागों के कर्मचारियों से जनसंपर्क किया जाएगा। और आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि यदि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों का समाधान शीघ्रता से नहीं किया तो कुरुक्षेत्र में होने वाले विरोध प्रदर्शन के बाद यूनियन कोई बड़ा फैसला लेते हुए आंदोलन को और तेज करेगी। आज की मीटिंग में बिजली विभाग से लखमीचंद, हरीश, जन स्वास्थ्य विभाग से वीर सिंह जिला चेयरमैन, सुरेश कुमार, सतवीर सिंह, बीर सिंह, टूरिज्म विभाग से महावीर सिंह, नगर परिषद से राज सिंह, महावीर, विद्यालय हरियाणा अध्यापक संघ से वीर सिंह, देवेंद्र सिंह बागवानी विभाग से प्रधान राम किशन, हेमराज, पशु पालन से मुकेश कुमार आदि पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

होडल बस स्टैंड पर हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल बस स्टैंड पर सावन महीने के तीसरे सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे का आयोजन रोडवेज विभाग के सभी कर्मचारियों के सहयोग से किया गया। भंडारे में आसपास गांवों के हजारों महिला-पुरुषों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। होडल बस स्टैंड परिसर में सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर बस स्टैंड के प्रधान राज सिंह ने बताया कि सन 1947 में बस स्टैंड पर सावन महीने में भोले नाथ के मंदिर की स्थापना हुई थी। उसके बाद से ही बस स्टैंड पर हर वर्ष सावन महीने के तीसरे सोमवार को भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि मंदिर के प्रांगण में भंडारे से एक दिन पहले रामायण पाठ का भी आयोजन होता है। उन्होंने बताया कि यह भंडारा रोडवेज के सभी कर्मचारी अपने वेतन की नेक कमाई से कराते है। इस भंडारे में होडल व आसपास के गांव के हजारों लोग पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते है। इस मौके पर प्रधान ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं को भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को इस प्रकार के होने वाले कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर बिजेंद्र प्रधान,पंडित दुलीचंद ,रामबीर, तेजपाल, जवाहर, गोपाल, विजयपाल, गंगाराम प्रधान, मांगेराम, रमेश, महेश गोला के अलावा रोडवेज के अन्य कर्मचारी व हजारों की संख्या में महिला-पुरुषों ने प्रशाद ग्रहण किया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महारानी पदमावत गर्ल्स कॉलेज का शिलन्यास करने पलवल की महाराणा प्रताप भवन पहुंचे

ज्योति खंडेलवाल/पलवल:- मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि महारानी पद्मावती गर्ल्स कॉलेज ज्ञान का मंदिर बनेगा जहां पर हमारे बच्चे अच्छी शिक्षा हासिल करेगें। इस कॉलेज के अंदर देश की ऐसी पीढ़ी का निर्माण होगा जो देश के विकास में अहम भूमिका अदा करेगें। नायब सिंह सैनी ने महाराणा प्रताप भवन पलवल के प्रांगण में महारानी पद्मावती गर्ल्स कॉलेज के शिलान्यास समारोह को संबोधित किया इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर , खेल मंत्री कंवर संजय सिंह, हरियाणा लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ हरेन्द्र राणा, विधायक दीपक मंगला, जगदीश नायर, प्रवीन डागर, जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महारानी पद्मावती गर्ल्स कॉलेज के निर्माण के लिए 31 लाख रुपए देने की घोषणा की। वहीं केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने 21 लाख और खेल मंत्री कुंवर संजय सिंह ने 31 लाख रुपए देने की घोषणा की गई। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि महारानी पद्मावती गर्ल्स कॉलेज श्री सीताराम जी महाराज सेवा ट्रस्ट पलवल द्वारा महाराणा प्रताप भवन के परिसर के नजदीक लगभग 5 एकड़ भूमि में मनाया जायेगा। यह गर्ल्स कॉलेज वहां की छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि जो लड़कियां दूर शिक्षा ग्रहण करने के लिए नहीं जा सकती,उन्हें महारानी पद्मावती गर्ल्स कॉलेज में अच्छी शिक्षा प्राप्त होगी। ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियां भी आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर ऊंचाइयों को छू सकेगी। सैनी ने कहा कि सामाजिक कार्य आपसी सहयोग के साथ आगे बढ़ते है। महिलाओं को शिक्षित करना एक सराहनीय कार्य है। जिसमें सामाजिक संस्थाओं को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनहित में निर्णय लिए जा रहे है। महापुरूषों की जयंति राज्य स्तर पर मनाई जा रही है। ताकि आने वाली युवा पीढिड़ों को महापुरूषों के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके।

जिला के 06 प्राइवेट अस्पतालों में सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा उपचार की मिलेगी सुविधा : डा. जय भागवान, सिविल सर्जन पलवल

ज्योति खंडेलवाल /पलवल:- जिला में 13 प्राइवेट अस्पताल आयुष्मान योजना में है सूचीबद्ध : नोडल अधिकारी डा. भूपेंद्र आयुषमान भारत योजना के तहत जिले के 06 प्राइवेट अस्पतालों में सरकारी कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा उपचार की सुविधा के लिए योजना में शामिल किया गया है। यह जानकारी देते हुए आयुष्मान भारत योजना के जिला प्रभारी एवं नोडल अधिकारी डा. जय भगवान सिविल सर्जन पलवल ने बताया कि जिन सूचीबद्ध अस्पताल में कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया जाएगा, उनमें जिले के गुरु नानक अस्पताल, कॉसमॉस अस्पताल व सचिन अस्पताल में यह सुविधा शुरू हो चुकी है तथा जल्द ही ऐट्लस अस्पताल, गैलक्सी अस्पताल व सहरावत अस्पताल में भी आरंभ हो जाएगी। सरकार की तरफ से एक क्यूआर कोड भी जारी किया गया है। इससे किसी भी लाभार्थी को आपातकाल में इन अस्पतालों में आसानी चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में की थी। इसके तहत लाभार्थी को 5 लाख रुपए तक का सालाना उपचार सूचीबद्ध सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में निशुल्क प्रदान किया जाता है। हरियाणा में यह स्कीम का विस्तार करते हुए हरियाणा सरकार ने अपने सभी सरकारी कर्मचारियों को आयुष्मान भारत के तहत कैशलेस ईलाज देना शुरू कर दिया है ।पलवल जिला में 13 प्राइवेट अस्पताल आयुष्मान योजना में सूचीबद्ध है जिनमें गुरु नानक, गोल्डन, श्री साई अस्पताल, कॉसमॉस अस्पताल, सचिन अस्पताल, पलवल अस्पताल, तुला अस्पताल, गोयल नर्सिंग होम, राहुल अस्पताल, श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल, गैलक्सी अस्पताल, प्रभा आई अस्पताल, मनोज अस्पताल होडल शामिल है। जिले मे 7,07,135 आयुष्मान लाभार्थी है, जिनमें से अब तक लगभग 5 लाख लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं व शेष बनाए जाने है। उन्होंने बताया कि अब हरियाणा सरकार के कर्मचारियों को ईलाज के लिए पैसे जमा करवाने की जरूरत नहीं होगी। हरियाणा सरकार के कर्मचारी और आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी नजदीकी सीएससी केंद्र या पैनल अस्पताल में जाकर अपना कार्ड बनवा सकते हैं।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत नूंह में निकाली गई तिरंगा यात्रा

अनिल मोहनियां नूंह

तिरंगा हमारे देश की आन-बान और शान का प्रतीक है। शान से लहराते तिरंगे को देखकर हमारा रोम-रोम देशभक्ति की भावना से भर जाता है, वहीं हमारे अंदर एक जोश का संचार होता है। स्वतंत्रता दिवस के दिन हर घर पर तिरंगा नजर आना चाहिए।

वक्फ बोर्ड हरियाणा के प्रशासक जाकिर हुसैन ने जिला प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को निकाली गई तिरंगा यात्रा को रवाना करने के दौरान यह बातें कही। इस दौरान राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह के विद्यार्थी, युवा, शहर के गणमान्य व्यक्ति जोश, उमंग, उत्साह हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में चले। जाकिर हुसैन और भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने स्वयं हाथों में तिरंगा थामकर इस यात्रा की अगुवाई की। तिरंगा यात्रा गांधी पार्क से शुरू होकर बीच बाजार से होते हुए शहीदी पार्क पर समाप्त हुई। जाकिर हुसैन ने कहा कि तिरंगा देश की एकता का प्रतीक है। तिरंगे के मान-सम्मान को लेकर हम हर कुर्बानी देने को तैयार हैं। तिरंगा यात्रा देश के हर नागरिक को राष्ट्र भक्ति की भावना से ओत-प्रोत करेगी। हमें यह आजादी लाखों करोड़ों वीरों की शहादत के बाद मिली है। इसको बरकरार रखना हम सब का कर्तव्य है। इस तिरंगा यात्रा में जिला से काफी संख्या में लोग इक्कटा हुए। सभी लोगों ने जय जवान-जय किसान व भारत माता की जय के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस स्वतंत्रता दिवस को नया आयाम देते हुए तिरंगा यात्रा की शुरुआत की है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र ध्वज के सम्मान में शुरू किया गया है, जिसके तहत 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर राष्ट्र ध्वज फहराना है।

नागरिक न केवल अपने घरों पर तिरंगा फहराएं, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करें। सभी मकानों के साथ-साथ दुकानों, प्रतिष्ठानों, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों पर तिरंगा फहराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जिला में तिरंगों की समुचित व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल, नायब तहसीलदार नरेंद्र, जाहिद बाई, योगेश तवंर, रमेश मानुवास सहित सहित शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी व नागरिक मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल अनाजमंडी नूंह में आज

अनिल मोहनियां नूंह

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल कल नई अनाज मंडी परिसर नूंह में होगी। इस रिहर्सल में उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे व तय समय अनुसार ध्वजारोहण, मार्च परेड, सांस्कृतिक टीमों का प्रदर्शन सहित सभी कार्यक्रमों की रिहर्सल करेंगे। नगराधीश अशोक कुमार ने बताया कि इस स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुलिस विभाग व होमगार्ड सहित कॉलेज व स्कूलों के छात्र-छात्राओं की परेड की टुकडियां, मार्च पास्ट कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए चयनित विद्यालयों की टीमें अपनी देश-भक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगी। इसी प्रकार समारोह में पीटी, डंबल व लेजियम शो में भी सैंकड़ों विद्यार्थी भाग लेंगे।

नशा रोकथाम के प्रति फैलाएं जागरुकता- संजीव कुमार

अनिल मोहनियां नूंह

उपमंडलाधीश तावडू संजीव कुमार की अध्यक्षता में नार्को समन्वय केंद्र तंत्र स्थापना के संबंध में सोमवार को उपमंडल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उपमण्डल में नशे जैसी प्रवृति से लोगों को बचाने व नशे के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में मुख्य विषय था, जिन्दगी को हां, और नशे को कहें ना। एसडीएम तावडू ने कहा कि नशा एक भयंकर बीमारी है, जिसकी रोकथाम के लिए जागरुकता बहुत जरूरी है। उपमंडल में नशा रोकथाम के लिए वार्ड वाइज व ग्राम स्तर पर टीमें गठित की हुई हैं तथा स्कूलों में धाकड़ व सुपर धाकड़ ग्रुप बनाये हुए हैं। वे स्वयं भी समय-समय पर स्कूलों में जाकर बच्चों को नशे से दूर रहने तथा गांव वाइज अपनी एक जागरुक टीम के माध्यम से नशे से बचने के संबंध में संदेश दे रहे हैं। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जो भी ग्राम पंचायत अपने गांव के लिए खेल सामान चाहती है, वह अपना आवेदन दे, ताकि गांव में बच्चों की खेल में रुचि हो तथा वे नशे से दूर रहें। गठित टीमें नशे के आदी व्यक्ति की पहचान करके बताये, ताकि उसे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा सके व उस क्षेत्र में नशा बेचने पर भी रोक लगाई जा सके। इस बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, तावडू, जिला खेल अधिकारी, नूंह, खंड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ व बीडीपीओ तथा सचिव नगरपालिका तथा थाना प्रभारी सदर व थाना प्रभारी शहरी उपस्थित रहे।

समाधान शिविर में समयबद्ध किया जा रहा शिकायतों का निवारण- उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

अनिल मोहनियां नूंह

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार समाधान शिविर में आई प्रत्येक शिकायत का त्वरित समाधान किया जाता है। समाधान प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस को जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 9 से 11 बजे तक आमजन की शिकायतें सुनी जाती हैं और उनका प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाता है। प्रशासन का उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लोगों को समयबद्ध व उचित लाभ देना है। योजनाओं व सेवाओं में आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता एसडीएम नूंह विशाल ने की तथा शिविर में की समस्याएं सुनने के दौरान अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। इस शिविर में आज कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से नूंह में 8, फिरोजपुर झिरका में चार व तावडू में एक शिकायत प्राप्त हुई। इन शिकायतों के समाधान के लिए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए इन पर उचित कार्रवाई करें। यदि शिकायत पर नियमानुसार कोई कार्रवाई नहीं बनती है तो उसकी भी जानकारी शिकायतकर्ता को दें। शिकायतकर्ता को यह जरूर मालूम पडऩा चाहिए कि जिला प्रशासन ने उनकी शिकायत पर क्या कार्रवाई की, यानी शिकायतकत्र्ता की संतुष्टिद जरूरी है। सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का मकसद नागरिकों की परेशानियों को दूर करना है। इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक अजायब सिंह भी उपस्थित रहे।

विशेष प्रचार अभियान के माध्यम से दी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी

अनिल मोहनियां नूंह

हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जिला में नॉन स्टॉप हरियाणा थीम के साथ शुरू किया गया विशेष प्रचार अभियान का द्वितीय चरण जारी है। विशेष प्रचार अभियान के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिला में विशेष प्रचार अभियान का द्वितीय चरण 31 अगस्त तक जारी रहेगा।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र बजाड़ ने बताया कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ के निर्देशानुसार व उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा के मार्गदर्शन में दूसरे चरण के तहत एक माह तक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रचार अभियान के तहत विभाग की नियमित व सूचीबद्ध भजन पार्टियां गांव-गांव व शहरों में वार्डों में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार कर रही हैं। उन्होंने बताया कि विभाग के लोक कलाकार नूंह जिला के ग्रामीण क्षेत्र को कवर करते हुए आमजन को हरियाणवी लोक शैली में नॉन स्टॉप हरियाणा सरकार की योजनाएं व उपलब्धियां गिनवाते हुए जागरूक कर रहे हैं। विशेष प्रचार अभियान के मद्देनजर चार भजन पार्टियां द्वारा लोगों को वर्तमान सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं से रूबरू कराया जा रहा है। उन्होंने जिला की सभी ग्राम पंचायतों से आह्वान किया है कि वे सरकार के निर्देशानुसार जिले में आयोजित हो रहे प्रचार कार्यक्रम में गांव में पहुंचने वाली प्रचार टीमों का सहयोग करें तथा मुनादी आदि से ग्रामीणों को प्रचार कार्यक्रम की सूचना दें, ताकि एक जगह पर ग्रामीण एकत्रित हों और सरकार की नीतियों की जानकारी प्राप्त करें। इन लोक कलाकारों के गीतों से जहां हमारी परंपरागत संस्कृति व लोक कथाओं का प्रचार होता है, वहीं सरकार के कार्यक्रमों की जानकारी मिलती है और लोगों का मनोरंजन भी होता है। आमजन को सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं व सेवाओं की जानकारी उनके घर द्वार तक जागरूकता माध्यम से पहुंचाना ही विशेष प्रचार अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

हरियाणा में गरीब का बेटा मुख्यमंत्री बनकर कर रहा गरीबों का उत्थान : कृष्णपाल गुर्जर

मुख्यमंत्री कल्याणकारी योजनाओं से किसान, महिला, युवा और गरीब की बदल रहे जिंदगी : गुर्जर

हिसाब मांगे यात्रा करने वाली कांग्रेस जनता को जवाब नहीं दे पा रही : कृष्ण पाल गुर्जर

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा में गरीब का बेटा मुख्यमंत्री बनकर गरीबों का उत्थान कर रहा है। हरियाणा में भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश के किसान, महिला, युवा और गरीब की जिंदगी बदल रही है। गुर्जर ने कांग्रेस को भी घेरा। उन्होंने कहा कि हिसाब मांगे यात्रा करने वाली कांग्रेस के नेता कांग्रेस (हुड्डा सरकार) के 10 साल का हिसाब जनता को दे नहीं पा रहे हैं। कृष्ण पाल गुर्जर ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जिनके खाने खराब हैं, वो जात पूछ रहे हैं और जिनके खाते खराब हैं वो हिसाब मांग रहे हैं। गुर्जर सोमवार को फरीदाबाद में प्रेसवार्ता में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस ने देश को 65 साल धोखा दिया, जाति-पाति के नाम लड़ाया और धर्म के नाम पर गुमराह किया है। कांग्रेस की नीति हमेशा से ही बांटो और राज करो की रही है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के अधिकतर नेता भ्रष्टाचार के गुनाहों में जमानत पर हैं, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए लूट मचाई, जिनके खुद के खाते खराब हैं वो हिसाब मांगने वाले कौन होते हैं?

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि लोकतंत्र में हिसाब जनता को दिया जाता है, हम विकास के कार्य करके जनता को हिसाब दे रहे हैं, लेकिन जनता कांग्रेस से उसके दस साल के भय और भ्रष्टाचार पर सवाल कर जवाब मांग रही है।

कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 2019 और 2024 में पीएम मोदी ने अपने कार्यकाल का एक-एक पल और एक-एक पाई का हिसाब दिया है। लोगों ने पीएम मोदी के हिसाब को सही माना और तीसरी बार एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर सत्ता तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि हम हरियाणा के ढाई करोड़ लोगों को हिसाब देंगे और दे भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जमानत पर चल रहे कांग्रेस के भ्रष्ट लोगों को हिसाब मांगने का भी अधिकार नहीं।

24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने वाली पहली सरकार: हरियाणा भाजपा सरकार की घोषणाओं और निर्णयों की सराहना करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा ने काफी तरक्की की है। भाजपा ने पारदर्शी और ईमानदार सरकार लोगों को दी है। नायब सरकार देश में ऐसी पहली सरकार है जिसने 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने और 46 लाख गरीब परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की है। अग्निवीरों को पुलिस और माईनिंग में 10 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया है। हरियाणा के खिलाड़ियों पर हमें गर्व है। हरियाणा की खेल नीति का परिणाम है कि देश में ज्यादातर मैडल हरियाणा के खिलाड़ी जीतकर ला रहे हैं। हरियाणा में नायब सरकार ने क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा को 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये कर दिया है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए नायब सरकार ने महिला उद्यमी को 5 लाख रुपये तक का ऋण देने की गारंटी दी है।

हरियाणा में 1 लाख 40 से अधिक युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिली:

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नायब सरकार ने हाल ही में 7471 टीजीटी टीचरों की लिस्ट जारी की, साथ ही टीचर्स एलिजिबिल टेस्ट को भी लाइफ टाइम कर दिया है। बिना पर्ची और बिना खर्ची के भाजपा सरकार ने हरियाणा में 1 लाख 40 से अधिक युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं। हमारी सरकार ने लाल डोरा से लोगों को मुक्ति दिलाकर मालिकाना हक दिलाया। हैपी कार्ड योजना से गरीब लोगों को एक हजार किलोमीटर यात्रा का लाभ नायब सरकार दे रही है। हमारी सरकार ने किसानों को 12 हजार करोड़ रुपये मुआवजा दिया, जबकि कांग्रेस ने 10 वर्षों में सिर्फ 1 हजार करोड़ मुआवजा दिया था।

विपक्ष देश को 2800 जातियों में बांटना चाहता है:

पत्रकार द्वारा जाति गणना पर ओबीसी पर पूछे गए एक सवाल पर बोलते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा मोदी सरकार ने दिया है। कांग्रेस ने तो सिर्फ देश में जातियों के नाम पर रोटियां सेकीं हैं। विपक्ष देश को 2800 जातियों में बांटने और अराजकता फैलाने का मंसूबा पाले हुए है।

हरियाणा में तीसरी बार बनेगी बीजेपी सरकार:

पत्रकार द्वारा पूछे गए एक अन्य सवाल पर कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि झूठ बोलना कांग्रेस नेताओं की फितरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सरकार का हिसाब दिया और अब हरियाणा में नायब सरकार जनता हिसाब दे रही है। गुर्जर ने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी। प्रेसवार्ता के दौरान शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, मीडिया सह प्रभारी राज मदान, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेंद्र जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

गांव चांदपुर हुआ सरपंच सूरजपाल के प्रयास से नशामुक्त

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद/बल्लभगढ़। नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत जहां एक तरफ पुलिस और विभिन्न संस्थाओं के जरियें लोगों को नशा मुक्त के तहत जागरूक किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ फरीदाबाद का गांव चांदपुर पूरी तरह से नशा मुक्त हो चुका है। सरपंच सूरजपाल भूरा का इसमें विशेष योगदान है। इसके लिए उन्हें पुलिस उपायुक्त अनिल कुमार और थाना प्रबंधक रणवीर मलिक द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विष्णु मलिक अवा, धर्मवीर सरपंच पन्हेड़ा, विवेक सरपंच गड़खेड़ा, कमल सरपंच हीरापुर, मोहन सरपंच मोठुका, मुकेश सरपंच अरुआ, सतीस सरपंच इम्मामुदीनपुर मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सरपंच सूरजपाल सरपंच यूनियन के प्रधान भी है।

पुलिस का करें अन्य पंचायते भी सहयोग: अनिल

इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त अनिल कुमार ने कहा कि अन्य ग्राम पंचायतें भी नशा मुक्त गांवों का अनुसरण कर अपने-अपने गांवों को नशा मुक्त करवाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। समाज से नशे को पूर्णरूप से खत्म करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सभी ग्राम पंचायतें, सामाजिक संस्थाएं तथा यूथ अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं, ताकि समाज को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके।

चल रहे अभियान:

पुलिस की तरफ से जिले में अपने स्तर पर नशे के खिलाफ जोरदार अभियान चलाए हुए हैं। जिसके तहत नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है और युवाओं को विभिन्न खेल गतिविधियों तथा कार्यक्रमों के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूक भी किया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त अनिल ने कहा कि पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं। वहीं आज चांदपुर गांव भी नशा मुक्त हो चुका है।

नवनिर्मित कांग्रेस कार्यालय का भव्य शुभारंभ : मनोज अग्रवाल

समाचार गेट/सुमित गोयल

बल्लभगढ़। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल ने बड़े हर्ष के साथ बताया कि उनके द्वारा कांग्रेस पार्टी का नवनिर्मित कांग्रेस कार्यालय का भव्य शुभारंभ सेक्टर 64/ 65 के डिवाइडिंग रोड पर किया जा रहा है जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद महासचिव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार कुमारी शैलजा जी के द्वारा किया जाएगा उन्होंने बताया इस कार्यालय का शुभारंभ आम जनता की समस्याओं को सुनने के लिए किया जा रहा है जहां रहकर आमजन की समस्याओं को सुना जायेगा और उनका निवारण किया जाएगा। उद्घाटन में उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ता व पार्टी के सभी नेता व वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया है व आम जनता को भी सादर आमंत्रित किया है।

शिविर में 250 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नागेंद्र भड़ाना के जन्मदिवस पर ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल की तरफ से जवाहर कॉलोनी स्थित उनके कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव गुलाटी, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राहुल दीक्षित, फिजिशियन डॉ. सूरज श्रीवास्तव तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रजत गाबा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान शिविर में 250 में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर का संचालन मार्केटिंग डिपार्टमेंट के विशाल ने किया। डॉ. गौरव ने पूर्व विधायक को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों के द्वार तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया गया। जिससे लोगों को घर के नजदीक ही निशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिल सके। डॉ. राहुल दीक्षित ने इसे मरीजों के लिए हितकारी करार दिया। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में मस्तिस्क संबंधी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को सावधानी बरतने की खास जरूरत है। फिजिशियन डॉ. सूरज श्रीवास्तव ने कहा कि शहर में कभी तेज बारिश हो रही तो कभी उमस बढ़ जाती है। इस मौसम में खांसी, जुखाम, बुखार आम है लेकिन समय पर जांच जरूर करवाएं। जिससे बिमारी को बढ़ने से रोका जा सके। शिविर में लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय रोग, दिमागी बीमारियों सहित अनेक जांचे की गई। जिसमें 70 से 80 लोगों में बीपी और शुगर की समस्या सामने आई है। लोगों को इन बीमारियों से बचने के उपाय बताए गए। बीमारियों के शुरुआती लक्षणों की जानकारी दी गई। जिससे समय रहते बीमारियों को बढ़ने से रोका जा सके।

स्कूल टूर जेनेसिस का आयोजन

समाचार गेट/कविता



फरीदाबाद। डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में आगामी सत्र (2025-26) के लिए बच्चों के सभी भावी माता-पिता के स्वागत के लिए एक विशेष स्कूल टूर, जेनेसिस - 2024 ,बॉन्ड ऑफ जॉय का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयु समूह 2-8 वर्ष के विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत हेडमिस्ट्रेस, रितु जैन के नेतृत्व में एक ओरिएंटेशन सत्र के साथ हुई। इस मौके पर अभिभावकों को स्कूल की विभिन्न गतिविधियों व उपलब्धियों से अवगत कराया गया। इस मौके पर अभिभावकों ने शिक्षकों से बातचीत की और स्कूल के बारे जानकारी ली। कठपुतलियों और कहानियों के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। इस आयोजन में रॉकेट लॉन्चिंग और अंतरिक्ष अन्वेषण जैसी रोमांचक गतिविधियाँ भी शामिल रहीं।, जिन्होंने माता-पिता और बच्चों दोनों को समान रूप से मंत्रमुग्ध कर दिया। इस विशेष स्कूल टूर से अभिभावक काफी रोमांचित हुए। अभिभावकों ने स्कूल की उपलब्धियों व गतिविधियों की सराहना की।

बिजेन्द्र नेहरा ने बालकिशन महाराज का आशीर्वाद लेकर किया जनसंपर्क शुरू

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद/पृथला। भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा ने पृथला विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान शुरू किया। नेहरा ने जनसंपर्क अभियान से पहले गांव जाजरू के मंदिर पर भगवान श्री राम की कथा में कथा व्यास बालकिशन महाराज और उपस्थित मातृशक्ति का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद गांव में जनसंपर्क करके सरदारी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर गाँव के युवा सरपंच अजय डागर सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

लगातार करवा रही सरकार विकास

नेहरा ने कहा कि भाजपा हरियाणा की पहली ऐसी सरकार है, जो बिना भेदभाव समान रुप से 90 विधानसभाओं में विकास कार्य करवा रही है, चाहे वहां भाजपा का विधायक हो या ना हो और पृथला क्षेत्र इसका बड़ा उदाहरण है, जहां से भाजपा का विधायक न होने के बावजूद वहां विकास कार्यों में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी गई। उन्होंने कहा कि वह पिछले कई सालों से एक लायक बेटे की तरह पृथला क्षेत्र के लोगों की सेवा में समर्पित हूं, स्ट्रीट लाईटें लगवाने की बात हो या फिर क्षेत्र की सडकों को बनवाने की बात हो या फिर साफ-सफाई व्यवस्था करवाने की बात हो, वह इस क्षेत्र को अव्वल बनाने में पूरी तत्परता से जुटे हैं। चुनावों में जीताया तो वह पृथला को हरियाणा का सबसे अव्वल क्षेत्र बनाने का काम करेंगे।

किसानों के हितों में कार्य कर रही सरकार

नेहरा ने कहा है कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार किसानों के हितों के लिए कार्य कर रही है। हाल ही में हरियाणा सरकार द्वारा किसानों की सभी फसलें एमएसपी मूल्य पर खरीदने का जो फैसला किया है, उससे पूरे प्रदेशभर के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सरकार के इस निर्णय से अब किसान और खुशहाल होगा और हरियाणा के विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

बीजेपी लगाएंगी हैट्रिक

नेहरा ने कहा कि विधानसभा चुनावों में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाकर तीसरी बार सरकार बनाने का काम करेगी। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजेन्द्र नेहरा को समस्याएं भी बताई, जिन्हें उन्होंने जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

लोकतंत्र में जनसंख्या की होती है सबसे अहम भूमिका : राजीव जेटली

ALL EYES ON HINDUS OF BANGLADESH
"बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अ
आक्रोश रैली व
संयोजक : शशांक शेखर जी सैक्टर 21 सी
मो. 9711147900
सह संय

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव जेटली ने कहा कि जिनकी संख्या ज्यादा होगी, विधायक, सांसद भी उन्हीं लोगों के होंगे और सरकार भी उनकी ही बनेगी। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार इसी का परिणाम है। क्योंकि वहां हिंदुओं की संख्या कम होती गई और विशेष समुदाय की जनसंख्या बढ़ती चली गई। उन्होंने यह शब्द राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो अत्याचारों के खिलाफ निकाली गई पदयात्रा में भाग लेते हुए कहे। इस मौके पर राजीव जेटली ने कहा कि हमारी किसी से दुश्मनी नहीं है। लेकिन देश से प्यार करने वाला और महिलाओं को सम्मान देने वाला व्यक्ति ही हमारा दोस्त बन सकता है। कई कई शादियां कर दर्जनभर बच्चें पैदा करने वाला व्यक्ति न केवल अपने राष्ट और परिवार को नुकसान पहुंचाता है बल्कि महिलाओं का भी असम्मान करता है। क्योंकि जनसंख्या बढ़ने से न केवल देश को नुकसान होता है बल्कि सीमित संसाधनों पर बोझ बढ़ता है। लेकिन ऐसे लोगों को अपने देश से नहीं केवल अपने धर्म से लगाव होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे बहुत से देश है जिन पर पहले धर्म विशेष की छाप नहीं थी। लेकिन वहां धर्म विशेष के लोगों की संख्या बढ़ने पर उन्हें विशेष धर्म का देश बनना पड़ा। इसलिए हमें भी समय रहते देश से नहीं धर्म से प्यार करने वालों की इस रणनीति को समझने की जरूरत है। वर्ना एक दिन हमें भी पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। हमें ऐसे लोगों से लड़ना नहीं है बल्कि ऐसी नीतियां बनानी होंगी, जिससे न तो कोई महिलाओं पर अत्याचार कर पाए और न ही अपने समुदाय की जनसंख्या बढ़ाकर देश को नुकसान पहुंचा सके। जेटली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसीलिए सीएए कानून लागू किया है। ताकि बांग्लादेश, पाकिस्तान या अफगानिस्तान में अत्याचारों से परेशान हिंदू भारत की नागरिकता लेकर यहां रह सकें। भारत उनका घर है, वे यहां शरण नहीं लेंगे तो कहा जाएंगे।

राजीव जेटली ने कहा कि यदि हम अपने शहर की बात करें तो यहां भी शहर को नुकसान पहुंचाने वाली नीतियों से प्यार करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बाजारों, फुटपाथों, मकानों और कालोनियों में यह लोग कब्जे करते जा रहे हैं। यदि हमने जल्दी ही ध्यान नहीं दिया तो एक बार फिर हमें पलायान करने को मजबूर होना पड़ेगा। इस पदयात्रा का नेतृत्व भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव जेटली ने किया। जबकि पदयात्रा का संचालन महानगर कार्यवाह सुनील मिश्रा कर रहे थे। पदयात्रा में आरएसएस से जुड़े शशांक शेखर, महेंद्र शर्मा, विकास जोशी, धर्मपाल कुकरेजा, रवि श्रीवास्तव, गिरीश, राजेश, उमेश, हेमंत, मांगेराम, विजय कुमार समेत सैंकड़ों स्वयं सेवक मौजूद थे। इनके अलावा पदयात्रा में डॉ. शत्रुघन सिंह, अशोक, गिरीश, विनित और ऋतु सिंह समेत सैंकड़ों स्थानीय लोगों ने भाग लिया। यह पदयात्रा सेक्टर 46 की मार्केट से शुरू होकर बडखल विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न सडकों से होती हुई सेक्टर 21 सी की मार्केट में पहुंच कर सम्पन्न हुई।

महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को एनएसएस की इकाई द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं महाविद्यालय द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकार मंत्रालय के निदेर्शानुसार नशा मुक्त समाज बनाने के लिए छात्राओं को शपथ दिलाई गई, ताकि वे अपने आस पास फैल रहे नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान को चलाकर समाज को नशा मुक्त होने में सहयोग करें। प्राचार्या डा. सुनिधि ने हर घर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा का मकसद हमारे देश की युवा पीढ़ी को देशभक्तों के कठिन संघर्ष के बाद मिली आजादी के महत्व से अगवग करवाना है। उन्होंने कहा कि सभी छात्राएं तिरंगे के साथ अपनी एक फोटो खींचकर अपनी सोशल मीडिया पर अपडेट करें, ताकि उनके आप पास के लोग भी इस मुहिम से अवगत हो सकें। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में छात्राओं ने इस यात्रा हिस्सा लिया तथा देश के वीर सपूतों को याद किया। वहीं नशा मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की सभी छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर डा. पारूल राणा, शालिनी खुराना, एनएसएस ईंचार्ज मोनिका, डा. रचना सैनी, डा. बलराम आर्य , संदीप विहान सहित सभी स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे। वहीं भारत सरकार की मुहिम एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें छात्राओं ने महाविद्यालय में बड़, नीम, पीपल, पापड़ी सहित विभिन्न प्रकार के छाया एवं फलदार पौधों का रोपण किया । सभी छात्राओं ने मां के नाम पर रोपित पौधों का संरक्षण करने की भी बात कही। महाविद्यालय द्वारा छात्राओं को अपने आस पास खाली जगह पर वृक्षारोपण के लिए पौधे भी वितरित किए गए।

वादाखिलाफी से नाराज आशा वर्कर्स 14 को सीएम आवास का करेंगी घेराव: सुधा

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की जिला कमेटी की बैठक जिला प्रधान हेमलता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ 14 अगस्त के मुख्यमंत्री आवास घेराव में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का फैसला किया गया। मीटिंग के बाद आशा वर्कर यूनियन जिला फरीदाबाद की राज्य सचिव सुधा व जिला प्रधान हेमलता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा लगातार आशा वर्कर्स पर बिना मानदेय ऑनलाइन काम करने का दबाव बना रही है, हरियाणा सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया था कि केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव से पहले आशा वर्कर्स के मानदेय में बढ़ोतरी करेगी और हरियाणा सरकार भी आशाओं के मानदेय में कुछ बढ़ोतरी करेगी। ऑनलाइन काम करवाने के लिए कुछ मानदेय दिया जाएगा, परंतु केंद्र सरकार द्वारा आशाओं के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई और काम लगातार बढ़ता जा रहा है। आशाओं के मानदेय का भुगतान भी समय पर नहीं किया जाता और ना ही किए हुए काम का पूरा पैसा दिया जाता है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर नई-नई ऐप बनाकर आशाओं पर ऑनलाइन काम का दबाव बना रही है। जिससे तमाम आशा वर्कर्स में नाराजगी है। जिला सचिव सुधा ने कहा कि अगर सरकार बातचीत कर आशा वर्कर्स की मांगों का समाधान नहीं करेगी तो 14 अगस्त को पूरे प्रदेश की बीस हजार आशा वर्कर्स मुख्यमंत्री के कुरुक्षेत्र आवास का घेराव करेंगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी।

संपादकीय

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारों पर चुप क्यों है भारत का विपक्ष

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों पर भारत के विपक्षी दलों की खामोशी बताती है कि वोट बैंक की राजनीति किस हद तक हावी है। यदि ऐसे ही हमले भारत या किसी पड़ौसी देश में मुसलमानों पर हुए होते तो विपक्षी दल आसमान सिर पर उठा लेते। इजराइल के हमास आतंकियों के खिलाफ हमले में मारे गए मुसलमानों के मामले में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी नेताओं के दिए गए बयान इसका प्रमाण हैं। उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड सरकार ने कांवड़ियों के रास्तें में दुकानदारों से नामों के खुलासे के निर्देश पर विपक्षी दलों ने लोकतंत्र को खतरे में बताया था। विपक्षी दलों का कहना था कि इससे अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। इधर जब मुसलमान बांग्लादेश में हिन्दुओं के घर-मंदिर और व्यवसायिक प्रतिष्ठान जला रहे हैं, तब विपक्षी दलों को खास चिंता नहीं है। लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों की हार के एक प्रमुख वजह यही दोमुंही नीति भी रही है।

बांग्लादेश में देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं। उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके। वैसे तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है। पहले भी हिंदुओं को यहां निशाना बनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में जारी अनिश्चितता और अराजकता के माहौल के बीच वहां के करीब 27 राज्यों में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को टारगेट किया जा रहा है। मुस्लिम कट्टरपंथियों की भीड़ ने करीब 27 जिलों में हिंदुओं के घरों के साथ ही उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। इतना ही नहीं अराजक तत्व उनका कीमती सामान भी लूट ले गए। वहां पर मंदिरों और गुरुद्वारों में तोड़फोड़ की जा रही है। शेख हसीना के सत्ता और देश छोड़ने के बाद से वहां हालात बदतर हो गए हैं।

बांग्लादेश के कट्टरपंथी हिंदुओं की संपत्तियों को चुन-चुन कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंदिर हो या गुरुद्वारा किसी को भी बख्शा नहीं जा रहा है। बांग्लादेश के पंचगढ़, दिनाजपुर, बोगुरा, रंगपुर, शेरपुर किशोरगंज, सिराजगंज, मुगरा, नरैल, पश्चिम जशोर, पटुआखली, दक्षिण-पश्चिम खुलना, मध्य नरसिंगड़ी, सतखीरा, तंगैल, फेनी चटगांव, उत्तर-पश्चिम लक्खीपुर और हबीगंज जैसी जगहों पर कट्टरपंथिओं का आतंक जारी है। वह यहां रहने वाले हिंदुओं पर न सिर्फ हमले कर रहे हैं बल्कि उनकी संपत्तियों को भी लूट कर ले जा रहे हैं। उग्र भीड़ ने पंचगढ़ जिले में 22, झीनैदाह में 20 घरों और जैसोर में 22 दुकानों को निशाना बनाया। कट्टरपंथियों ने ढाका में हिंदू म्यूजिशियन राहुल आनंद के घर में न सिर्फ लूटपाट की बल्कि वहां आग भी लगा दी। राहुल आनंद, उनकी पत्नी और उनका बेटा वहां से सुरक्षित निकलने में कामयाब रहे, लेकिन हमलावरों ने उसके घर नें जमकर लूटपाट की। भीड़ उनके घर से महंगी चीजें चुरा कर ले गई, जिसमें राहुल का 3,000 से ज्यादा हस्तनिर्मित संगीत वाद्ययंत्रों का बड़ा कलेक्शन भी शामिल था। खुलना डिविजन स्थित मेहेरपुर में करीब 4 हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया है। एक इस्कॉन केंद्र जला दिया गया, जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा देवी की मूर्तियां शामिल हैं। राजधानी ढाका में इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र में भीड़ ने धावा बोल दिया और वहां पर जमकर तोड़फोड़ की। इस सांस्कृतिक केंद्र को मार्च 2010 में खोला गया था। यहां पर सांस्कृतिक संगोष्ठियों, कार्यशालाओं के आयोजन के जरिए योग, हिंदी, भारतीय शास्त्रीय गायन जैसे भारतीय नृत्यों के जरिए भारत-बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा दिया जाता है। केंद्र सरकार का कहना है कि भारत हर स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी देश की स्थिति चिंताजनक है। भारत सरकार वहां के मौजूदा तंत्र के साथ संपर्क में है।

बरसात बनी आफत, जलमग्न हुआ शहर

प्रशासन के लाख के दावों के बाद भी नहीं हो पाई पानी की निकासी की व्यवस्था, लग रहा जाम

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। प्रदेश सरकार लोगों को सुविधाएं देने के लिए पैसा पानी की तरह बहा रही है। लेकिन संबंधित विभागों के अधिकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने की बजाए सिर्फ दावें कर अपना कर्तव्य पूरा कर रहे हैं। शहर में जरा सी बरसात आते ही पहले ही शहर की हालत बद से बदतर हो जाती थी। लेकिन अब रही सही कसर विभिन्न विभागों द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों ने पूरी कर दी है। विकास के नाम पर शहर को खोद कर डाल दिया है। जिससे आम दिनों में तो लोगों को परेशानी होती ही थी। लेकिन अब बरसात आने पर स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। जगह जगह अधूरे काम और खोदी गई सड़कों के कारण बरसात में लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शहर के लोग सीवर ओवरफ्लो की समस्या से पहले ही काफी परेशान हैं। अब बरसात के कारण शहर की तमाम सड़के जलमग्न हो गई हैं। लापरवाही से किये गए विकास के कारण शहर में बरसाती पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। संबंधित विभागों की लापरवाही के कारण बरसात शहर के लोगों के लिए आपदा बनकर आती है।

मुसीबत लेकर आती है बरसात:

बरसात आते ही अन्य शहरों के लोगों के चेहरे खिल उठते हैं। लेकिन नगर निगम और अन्य विभागों की लापरवाही के कारण शहर में बरसात किसी आपदा से कम साबित नहीं होती। जरा सी बरसात आते ही शहर में चारों तरफ पानी भरना शुरू हो जाता है। बरसात के नाम से ही शहर के लोगों के चेहरे मुरझाने लगते हैं। रविवार और सोमवार की शाम को हुई बरसात ने शहर की हालत एक बार में ही बिगाड़ कर रख दी है। शहर के विभिन्न इलाकों में सड़कों पर हुए जलभराव की वजह से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां तक कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर खासकर चौराहों पर पानी भरने से दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसों से लेकर बाइक सवार के अलावा पैदल यात्री भी पानी भरने से परेशान हो गए। बसे पानी भरने से खराब हो गई।

अधूरे विकास से परेशानी:

पानी की निकासी की व्यवस्था करने के लिए शहर में करोड़ों रुपये भी खर्च किये गए हैं। लेकिन निर्माण करने वाले विभागों की लापरवाही से सरकार का पैसा व्यर्थ हो चुका है।

बरसाती पानी की निकासी के लिए करोड़ों रुपये की स्टॉर्म वॉटर लाइनें डाली गई हैं। ज्यादातर लाइनें ठप पड़ी हुई हैं। कई स्टॉर्म वॉटर लाइनों को सीवर से जोड़ा गया है। सीवर लाइनें पहले ही ओवरफ्लो होती रहती हैं। नगर निगम और स्मार्ट सिटी द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए कई स्थानों पर करोड़ों रुपये से नालों का निर्माण भी करवाया गया है। लेकिन निर्माण के बाद करीब तीन साल गुजरने पर भी इन नालों को कनेक्ट नहीं किया गया है।

शहर में चारों ओर समस्याएं:

समाजसेवी विष्णु गोयल का कहना है कि शहर में जहां देखों, वहीं समस्याएं ही नजर आती हैं। एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र की सड़कों और गलियों में सीवर का पानी आए दिन बहता रहता है। बरसात आने पर स्थिति दयनीय हो जाती है। निगम अधिकारियों पर प्रत्यक्ष रूप से अथवा एप में की जानी वाली शिकायतों का कोई असर नहीं पड़ता। यहां तक कि धरने प्रदर्शनों पर भी ध्यान नहीं दिया जाता है। ऐसे में दर्द बताने के लिए आम जनता को अपने चुने हुए जनप्रतिनिधि ही नजर आते हैं। लेकिन फिलहाल करीब 15 से 20 प्रतिशत जनप्रतिनिधि ही एक्टिव नजर आ रहे हैं। अन्य आम जनता से दूरी बनाए हुए हैं। ऐसे में पीड़ित जनता किसके सामने अपना दर्द बयां करें, यह किसी को समझ नहीं आ रहा है।

मांगों को लेकर छात्र भड़के तो एबीवीपी ने जताया समर्थन

विश्वविद्यालय की मांगों को लेकर एबीवीपी ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

एबीवीपी ने अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फरीदाबाद के प्रतिनिधि मंडल ने विभाग संयोजक दीपक भारद्वाज के नेतृत्व में अपना मांग पत्र अतिरिक्त उपायुक्त फरीदाबाद आनंद शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा। इस प्रतिनिधि मंडल में 7 सदस्य शामिल रहें। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बताया कि पिछले लंबे समय से विश्वविद्यालय में प्रदूषण का स्तर बढ़ने से स्वास्थ्य समस्याओं का विद्यार्थियों को सामान करना पड़ रहा हैं, मगर प्रशासन की नींद खुलने का कार्य नहीं कर रही, इसलिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने अतिरिक्त उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी विश्वविद्यालय संबंधी मांगों को रखते हुए अपना ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उनका सौंपा है। जिसमें उन्होंने जेसी बोस विश्वविद्यालय कैंपस में जल भराव की समस्या तुरंत प्रभाव से समाधान कराया जाए। जेसी बोस विश्वविद्यालय की कोर्स फीस को कम किया जाए।

जेसी बोस विश्वविद्यालय के आसपास फैक्ट्री से होने वाले होने के कारण बढ़ते प्रदूषण स्तर को कम करने हेतु तुरंत ठोस कदम उठाया जाएं। जेसी बोस विश्वविद्यालय कैंपस में मूलभूत सुविधाओं की बड़ी कमी है उन्हें तुरंत प्रभाव से पूर्ण किया जाएं। जेसी बोस विश्वविद्यालय में पिछले 3 वर्षों से हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध नहीं है तुरंत प्रभाव से हॉस्टल बनाकर विद्यार्थियों को दिए जाएं। ये मांगपत्र में मांगे रखी है।

उन्होंने बताया कि निम्न मांगों को ध्यान में रखते हुए अगर देखा जाए तो निश्चित रूप से वहां मुख्य प्रशासनिक अधिकारी विश्वविद्यालय की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं दिख रहे हैं। विद्यार्थियों द्वारा बार-बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ निश्चित ही ऐसे अधिकारियों के खिलाफ विकसित कार्रवाई करते हुए सभी मांगों को पूर्ण किया जाए अन्यथा की बातें विद्यार्थी परिषद द्वारा आंदोलन किया जाएगा जिसके दम मदार स्वयं प्रशासन होगा नगर मंत्री सिद्धार्थ प्रांत कार्यकारिणी सदस्य युधिष्टिर शर्मा कॉलेज उपाध्यक्ष निखिल मुकुल भारत साहिल हिमांशु आदि मौजूद रहें।

तिरंगा हमारे दिल की धड़कन है : सीमा त्रिखा

समाचार गेट/ओमप्रकाश पंचाल

फरीदाबाद। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि आज हम यहां पर सुख एवं चैन के साथ अपना जीवन बिता रहे हैं, क्योंकि हमारी सेना के जवान सरहदों पर डटकर सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने आज एसजीएम नगर में आयोजित तिरंगा यात्रा में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। यह यात्रा पटेल चौक से प्राम्भ होकर बड़खल झील पर जाकर समाप्त हुई। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा को दूध से अभिषेक कराकर पुष्प माला अर्पित कर नमन किया।

शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहाकि आज हम पटेल जी को नमन करते हुए जिन्होंने देश की सारी रियासतों को जोड़ा और भारत को भारत बनाने में पटेल जी का बहुत बड़ा योगदान है इसलिए इनके स्टेचू को स्टेचू ऑफ लिबर्टी कहा जाता है और 15 अगस्त के दिन जितने भी लोग शहीद हुए एयर इंजकी वजह से हमारे देश को स्वतंत्रता मिली आज हम उनको नमन करके पटेल चौक से बड़खल झील तक तिरंगा यात्रा निकाल रहे है और इसी के साथ एक पेड़ माँ के नाम मुहीम के तहत और विभाजन विभीषिका के रूप में हर शहीद की समृद्धि में बड़खल झील में 1800 पौधे स्कूली बच्चों द्वारा लगाए जा रहे है। जिससे बड़खल झील का सौन्दर्यीकरण होगा और वातावरण को भी लाभ पहुंचेगा। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने घरों, कोठियों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, फैक्ट्रियों सहित तमाम कार्यालयों पर आगामी 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश के ज्ञात अज्ञात शहीदों जिन्होंने देश की आजादी में और देश की सुरक्षा के लिए अन्य युद्धों में शहादत दी है। उन्हें शत-शत श्रद्धांजलि देकर राष्ट्र का स्वतंत्रता दिवस मनाएं।

तिरंगा यात्रा में अमित आहूजा, शोभित अरोड़ा, हरिंदर भड़ाना, पंकज सिवाल, अनिकेत सिंह, विराट कथूरिया, सुशील सेतिया, प्रवीण चौधरी, खुशबू सिंह, सुदेश शर्मा, शालिनी मंगला, महंत मुनिराज जी महाराज, महंत ललित गिरि गोस्वामी, मोहन सिंह भाटिया, रविंद्र सिंह राणा, बहादुर सिंह सब्बरवाल, मंजीत सिंह चावला, जोगेन्द्र चावला, कर्मवीर बैंसला, सुभाष दलाल, सरदार खान, संजय महेंद्रू, ओमप्रकाश ढींगरा, नितेश भड़ाना, लिक्खी चपराना, मनोज भड़ाना, ललित भड़ाना, संजीव आर्य, चमन गर्ग, विपिन तंवर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

जेआरसी का युवा दिवस पर नशा मुक्ति शपथ अभियान

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। शिक्षा विभाग ने आदेशानुसार गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में आयोजित युवा दिवस पर विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत प्रार्थना सभा में 3000 जूनियर रेडक्रॉस सदस्य विद्यार्थियों ने और अध्यापकों तथा स्टाफ सदस्यों ने नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ ली।

मनचंदा ने बताया कि हरियाणा सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान के अंतर्गत संपूर्ण हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने की ओर अग्रसर हैं ता कि युवा पीढ़ी को नशे रूपी दलदल से दूर किया जा सके तथा युवाओं की ऊर्जा को देश हित में उन्नतिशील कार्यों में लगाया जा सके। प्रार्थना सभा में सराय ख्वाजा फरीदाबाद विद्यालय परिवार ने यह शपथ ली कि जिले को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता अनुसार हर संभव प्रयास करेंगे। संपूर्ण समाज नशीली दवाओं की लत के खतरे का सामना कर रहा है जिसका व्यसनी, व्यक्ति, परिवार और समाज के एक बड़े हिस्से पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि इस अभियान में सभी अध्यापकों, स्टाफ सदस्यों का तथा दिनेश सिंह और जितेंद्र गोगिया का विशेष सहयोग रहा।

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत लोगों को तिरंगा वितरित किए गए

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। जिला रेडक्रॉस सोसायटी तथा जय सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान का कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर रेड क्रॉस भवन सेक्टर 12 में किया गया। मुख्य अतिथि विजेंद्र सोरोत ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए शहर की सम्मानित संस्थाओं को स्वयं अपने हाथों से हर घर पर तिरंगा लगाने के लिए तिरंगा वितरण किया। साथ ही आए हुए सभी समाजिक संगठन के लोगों को उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को हमारा देश स्वतंत्र हुआ था। यह आजादी हमारे पूर्वजों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों से प्राप्त हुई है। हम सभी को मिलकर यह पर्व बहुत धूमधाम से मनाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि कमलेश शास्त्री मंडल बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि हर घर तिरंगा भारत की आजादी के 78वें वर्ष के उपलक्ष्य में लोगों को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में चलाया जा रहा एक अभियान है। जय सेवा फाउंडेशन के संस्थापक एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के संरक्षक विमल खंडेलवाल ने बताया कि आजादी के 78 वें वर्ष के दौरान एक राष्ट्र के रूप में झंडे को सामूहिक रूप से घर पर लाना न केवल तिरंगे के साथ हमारे व्यक्तिगत संबंध का प्रतीक है बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी, प्रताप सिंह एडवोकेट तथा सामाजिक संगठन, समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित होकर अपने उच्च विचारों को भी साझा किया।

सीएम करेंगे विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह 13 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश के उद्योग वाणिज्य, श्रम, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले तथा चुनाव मंत्री मूलचंद शर्मा करेंगे।

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को घसीटा, हालत गंभीर

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। सेक्टर-12 में सोमवार दोपहर को एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को काफी दूर तक घसीटा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाइक पर बैठे दूसरा व्यक्ति भी घायल हो गया है। सेंट्रल थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। एएसआई महावीर ने बताया कि बाइक पर सेक्टर-9 में रहने वाले नवजोत सिंह और संतोष थे। नवजोत वेल्डिंग का काम करते हैं। वह किसी काम के लिए सेक्टर-12 आए थे। एलडिको माल के सामने एक ब्रेजा कार ने बाइक को पीछे से टक्कर कार दी। नवजोत कार में फंस गए और दूर तक घिसटते हुए चले गए। कार सवार वहां से भागकर कोर्ट रोड पर आ गया। यहां भागने के चक्कर में डिवाइडर के बीच में स्ट्रीट लाइट के खंभे से टकरा गया। इससे कार रुक गई। चालक मौके से चला गया। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। एएसआई का कहना है कि नवजोत को होश नहीं आया है। उसके बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

हाथों में काले झंडे और उल्टी झाड़ू लेकर किया कर्मियों ने प्रदर्शन

समाचार गेट/कविता

फरीदाबाद। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य स्तरीय आंदोलन के आव्हान पर आज नगर निगम कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय निगम मुख्यालय पर जोरदार नारेबाजी करते हुए हाथों में काले झंडे और उल्टी झाड़ू लेकर जोरदार प्रदर्शन किया इसके बाद नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री राज्य उप महासचिव सुनील चंडालिया राज्य सचिव अनूप वाल्मीकि, राज्य उपाध्यक्ष कमला देवी, राज्य महिला सब कमेटी के नेता सुरेश देवी व ललिता देवी तथा जिला प्रधान दलीप बोहत, जिला सचिव अनिल चंडालिया, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरुचरण खांडिया के नेतृत्व में बी के चौक से एनएच 5 मार्किट से होते हुए एनएच 4 व एनएच 5 डिवाइडिंग रोड मार्किट में हजारों पर्चे वितरण कर सरकार के कर्मचारी दलित व सामाजिक न्याय विरोधी चेहरे को जनता में बेनकाब किया। इस कारण नगर निगम के कर्मचारी मंगलवार को भी जारी रखेंगे और फरीदाबाद के 1 नम्बर मार्केट में भी प्रदर्शन कर पर्चे वितरित किये जाएगें।

13 अगस्त को मनाया जा रहा है श्रमिक जागरूकता समारोह

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि श्रम विभाग हरियाणा द्वारा 13 अगस्त को प्रात: 11:00 बजे अनाज मंडी बल्लभगढ़ में श्रमिक जागरूकता समारोह मनाया जा रहा है। जिसमें भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश के उद्योग वाणिज्य, श्रम, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले तथा चुनाव मंत्री मूल चंद शर्मा करेंगे। साथ ही हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता और तिगांव विधायक राजेश नागर, पृथला विधायक नयनपाल रावत और अध्यक्ष श्रम कल्याण बोर्ड, हरियाणा नरेश जांगड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

सावन माह के चौथे सोमवार को शिवालयों में रही शिवभक्तों की भीड

कनीना सुनील दीक्षित

बाघेश्वार धाम बागोत सहित क्षेत्र के शिवालयों में सावन माह के चौथे सोमवार को शिवभक्तों की भारी भीड रही। बागोत में सुबह से ही शिवभक्त लाईनों में लगने शुरू हो गए थे। दो घंटे कतार में रहने के बाद उनकी ओर से शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। भीड को नियंत्रित करने के लिए मंदिर के महंत रोशनपुरी, पंचायत समिति सदस्य महिपाल नम्बरदार, संजयपुरी, सरपंच राजेंद्र, मा. विनोद कुमार,विक्रम,वेदप्रकाश, आजाद शर्मा, मांगेराम, राजकुमार सहित पुलिस कर्मचारियों ने मशक्कत की। इसी प्रकार सत्यनारायण मंदिर गुढा,शिवमंदिर उन्हाणी,कनीना,धनौंदा, खेडी तथा भोजावास मंदिर में शिवभक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

स्टेट वेयर हाऊस द्वारा हायर किए गए निजी गोदाम से 72 बैग सरसों चोरी -सुरक्षा गार्ड की कार्यशैली पर लग रहे सवालिया निशान

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना-अटेली मार्ग पर स्थित स्टेट वेयर हाऊस द्वारा हायर किए गए एक निजी गोदाम से अज्ञात चोर लाखों रुपए कीमत के 72 कट्टे सरसों चोरी कर ले गए। इस बारे में स्टेट वेयर हाऊस महेंद्रगढ की प्रबंधक आनंद देवी ने कनीना सिटी पुलिस थाने में दी गई शिकायत में बताया कि गोदाम पर सरसों का स्टॉक लगाया हुआ है, शनिवार सांय करीब साढे 4 बजे गोदाम मालिक ने उन्हें बताया कि गोदाम से सरसों चोरी हो गई। उन्होंने बताया कि गोदाम की सुरक्षा के लिए दिन के समय नरेंद्र कुमार व रात्री के समय ललित कुमार गार्ड की ड्यूटी है। जो अब संदेह के घेरे में हैं। आनंद देवी ने मौके पर जाकर देखा तो गोदाम के पछले हिस्से में सरसों बिखरी हुई थी तथा दीवार टूटी हुई थी। इस बारे में उन्होंने सिक्युरिटी इंचार्ज परविंद्र शर्मा ब कमल शर्मा सहित स्टेट वेयर हाऊस के जिला प्रबंधक को सूचना दी। जिला प्रबंधक की ओर से एक कमेटी का गठन किया ओर गोदाम की भौतिक जांच कराई जिसमें 72 बैग सरसों कम पाई गई। पुलिस ने आनंद देवी की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। इस बारे में थाना इंचार्ज निरीक्षक रतन सिंह ने बताया कि गोदाम को मौका-मुआयना किया गया है। गहनता से पडताल की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को काबू कर लिया जायेगा।

नशेडी जेसीबी चालक ने एक के बाद एक तीन हादसों को दिया अंजाम

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना-कोसली मार्ग पर रविवार देर सांय जीएल स्कुल के समीप सडक किनारे खडी एक पिकअप को लापरवाह जेसीबी चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के बाद चालक जेसीबी को भगाकर महेंद्रगढ रोड की ओर ले जा रहा था तो गणेशी लाल चौक के समीप एक स्कूटी तथा बाईक को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी व बाईक सवार व्यक्ति घायल हो गए। जिन्हें उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया गया। जहां उनकी हालत में सुधार बताया गया है। पिकअप मालिक पवन कुमार वासी फतेहपुरी,जिला रेवाडी ने कनीना शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पिकअप को टक्कर मार कर भाग रहे जेसीबी चालक का पीछा कर रहे थे तो स्कूटी तथा बाईक को टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद मौके पर भीड जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची ओर जेसीबी व चालक को काबू कर पूछताछ की गई। हादसे के आरोपी नशेडी चालक की पहचान विकास उर्फ भोला निवासी गांव सिहोर के रूप में हुई। पुलिस थाना इंचार्ज रतन सिंह ने बताया कि पवन कुमार की शिकायत के आधार पर जेसीबी चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

धनौंदा में दुकान का दरवाजा तोडकर 2 नई तथा 8 पुरानी बैट्री चोरी

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना खंड के गांव धनौंदा में एक दुकान का दरवाजा तोडकर अज्ञात चोर कीमती सामान चोरी कर ले गए। इस बारे में दुकान मालिक राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने धनौंदा बस स्टैंड पर विश्वकर्मा एवं इलेक्ट्रोनिक्स नाम से दुकान कर रखी है। जिसका रात्री के समय ताला तोडकर अज्ञात चोर इनवर्टर की 10 बैट्री जिसमें दो नई बैट्री व 8 पुरानी बैट्री गायब मिली। दुकानदार ने सुबह आकर देखा तो सामान बिखरा हुआ मिला। उन्होंने बताया कि दिसबंर 2023 में भी उनकी दुकान में चोरी की वारदात हो चुकी है जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पौधे लगाकर संरक्षण करने से एक पेड़ मां के नाम अभियान की परिकल्पना होगी साकार : वन एवं पर्यावरण मंत्री

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। वन, पर्यावरण एवं वन्यजीव राज्य मंत्री संजय सिंह ने देशभर में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मॉडल टाउन स्थित हिन्दू हाई स्कूल परिसर में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उनका संरक्षण भी करें। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनका संरक्षण करके ही सही मायने में एक पेड़ मां के नाम अभियान की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में एक पेड़ मां के नाम से एक अनूठे अभियान की शुरूआत की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि जितना सम्मान हम अपनी जन्म देने वाली मां को देते हैं, उतना ही सम्मान हमें हमारा पालन पोषण करने वाली धरती मां को भी देना होगा। अपनी मां के नाम पौधा लगाने से मां का तो सम्मान होगा ही, साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय सिंह ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश में शुक्रवार 16 अगस्त को एक दिवसीय राज्यव्यापी पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें प्रत्येक जिले में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि देश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है, जिसमें ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित किए जा रहे हैं। जिला में इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति 16 अगस्त को पौधा रोपित करते हुए अभियान में सहभागी बने। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रीतम चौहान, सीटीएम लोकेश कुमार, डिप्टी सीईओ अंकित चौहान, बीईओ सतपाल धूपिया, महेंद्र यादव, प्राचार्य डा. रामफल शास्त्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

प्रदेश सरकार ने श्रमिकों के कल्याण के लिए लागू की है अनेक योजनाएं :श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा

कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के दौरान श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा और वित्त मंत्री जेपी दलाल ने एक बटन दबाकर बहल, सिवानी और लोहारू के 2006 पंजीकृत श्रमिकों के खाते में पौने तीन करोड रुपए की राशि डाली।

12 अगस्त, सिवानी
सोनिका सूरा

बहल/भिवानी: प्रदेश के श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि किसी भी देश की तरक्की उसके नागरिकों की मेहनत से मापी जाती है और जब देश की आर्थिक व व्यवसायिक मजबूती की बात आती है तो इसमें सबसे पहला नाम हमारे श्रमिकों का आता है। पूरे देश में हरियाणा एक ऐसा प्रदेश है जहां का युवा पूरे देश में ही नहीं पूरे विश्व में प्रदेश का नाम चमका रहा है। प्रदेश सरकार ने श्रमिक परिवारों और उनके बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, इससे श्रमिक परिवारों का जीवन स्तर ऊपर उठा है। सरकार का हर संभव प्रयास है कि पंजीकृत श्रमिकों को उनके कल्याण के लिए चलाई जा रही योजना का लाभ हर हाल में मिले। श्रम मंत्री श्री शर्मा बहल की अनाज मंडी में आयोजित विशाल श्रमिक जागरूकता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह लोहारू क्षेत्र की जनता का सौभाग्य है कि आज प्रदेश के खजाने की चाबी आपके भाई जेपी दलाल के हाथों में है जो की प्रदेश के वित्त मंत्री के पद को सुशोभित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी किसी भी क्षेत्र का विकास बिना खजाने के नहीं हो सकता आज लोहारू में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। श्रम मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि श्रम विभाग ने श्रमिकों के परिवारों के बच्चो के उज्जवल भविष्य के विकास के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं जिसमें श्रमिकों की बेटी की शादी स्कूली छात्राओं को स्कूटी देने, महिलाओं के काम के लिए सिलाई मशीन देने, औजार खरीदने आदि योजनाएं शामिल हैं। प्रदेश में अब तक सवा आठ लाख श्रमिकों का पंजीकरण किया जा चुका है, जिसमें हरियाणा पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि श्रमिक जागरूकता सम्मेलन आयोजित करने का मुख्य मकसद श्रमिकों को उनके अधिकारों और योजनाओं के बारे में जागरूक व जानकारी देना है। इससे पहले सिवानी में भी श्रमिक जागरूकता सम्मेलन आयोजित किया गया था, इससे पता चलता है कि श्रमिकों के हितों के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं और किस प्रकार उन योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज पंजीकरण के साथ ही 1100 रुपए खाते में आते हैं जबकि पहले की सरकारों में मजदूरों की कापी बनने के दौरान ही उनका शोषण किया जाता था। उन्होंने कहा कि लोहारू, सिवानी और बहल में मजदूर को सीएससी सेंटर पर पैसे देने की जरूरत नहीं है, उनके द्वारा मजदूरों और गरीब आदमियों के लिए निशुल्क सीएससी सेंटर खोले गए हैं, गरीब आदमी किसी भी सेंटर पर जाकर अपना कार्य करवा सकते हैं। इसी के चलते पंजीकृत श्रमिक परिवारों के उत्थान के लिए सरकारी योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने श्रमिकों से अपना पंजीकरण करवाने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

श्रमिक जागरूकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्रम विभाग के आयुक्त मनीराम शर्मा ने कहा कि श्रमिकों के कल्याण के लिए श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा योजनाओं को धरातल पर लागू किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर पात्र लोगों को दिया जा रहा है। श्रम विभाग द्वारा स्कूल में पढ़ने छात्र और छात्राओं की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का खर्च सरकार उठा रही है। उन्होंने बताया कि आज लोहारू, बहल और सिवानी के 2800 श्रमिकों ने ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण के लिए आवेदन किया था, जिसमें से करीब ढाई हजार का पंजीकरण कर दिया है।

तिरंगा यात्रा का उद्देश्य हर घर लगे तिरंगा: डॉ वन्दना पोपली

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी रेवाड़ी विधानसभा द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के अध्यक्ष निखिल मंदिया के नेतृत्व में बड़े उत्साह और जोश के साथ निकाली गई। इस यात्रा में भारी संख्या में पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। यह यात्रा शहर के अग्रसेन चैक से शुरू होकर प्रमुख बाजारों से होती हुई शहर के झज्जर चैक तक पहुंची, जहां पर यात्रा का समापन किया गया। इस यात्रा में भाजपा रेवाड़ी जिला प्रभारी नसीम अहमद व जिला अध्यक्ष डा0 वन्दना पोपली मुख्य रूप से मौजूद रही। यात्रा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. वंदना पोपली ने कहा कि यह यात्रा हमारे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान तो है ही साथ ही युवा पीढ़ी को देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ने का भी एक प्रयास है। उन्होने कहा कि इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा लगे उसके लिए लोगों को प्रेरित करना है। उन्होने बताया कि इस तिरंगा यात्रा को लोगों ने खूब सराहा और बाजार में जगह-जगह यात्रा का स्वागत भी किया।युवा मोर्चा के अध्यक्ष निखिल मांदिया ने बताया कि यात्रा के दौरान कार्यकताओं ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर नारे लगाए और लोगों को तिरंगे के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान बारिश में भी लोगों का उत्साह अपने देश के प्रति देखने लायक था। सभी लोग देश भक्ति के गानों पर झूमते हुए जा रहे थे। जिला अध्यक्ष डा0 वंदना पोपली ने इस यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकताओं और शहरवासियों का धन्यवाद किया और आने वाले स्वतंत्रता दिवस को पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पीपीपी कोर्डिनेटर डा0 सतीश खोला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रनेश बंसल, जिला महामंत्री सत्यदेव यादव व ईश्वर चनीजा, उपाध्यक्ष सुनील ग्रोवर, अजय कांटीवाल, युद्धवीर फोगाट, सचिव नीरू भारद्वाज, जिला सोशल मीडिया प्रमुख एडवोकेट नितेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष दीपक मंगला, बाबुलाल छाबड़ी, नीतू चैधरी, कृपा जैमिनी, एसी मोर्चा जिला अध्यक्ष रोहतास वाल्मीकि, उषा आर्य, ओ बी सी मोर्चा जिला अध्यक्ष जयवीर योगी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अशोक कोसलिया, जिला मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट प्रवीन शर्मा, पंडित हिमांशु पालीवाल, मुकेश रंगा, डॉ सौरब यादव, जतिन, अजय रंगा, संजय खटिक, मनीष रंगा, योगिंदर यादव, मनीष शर्मा, अजीत यादव, मनोज यादव, सौरब सैनी, विशाल ततारपुर, पवन चैहान, विकास कुमार सहित अनेक युवा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बारिश से कनीना में जगह-जगह हुआ जलभराव,वाहन चालक व राहगीर परेशान

कनीना सुनील दीक्षित

सोमवार को कनीना क्षेत्र में रूक-रूक कर हुई बारिश के बाद जगह-जगह पानी जमा हो गया। जिससे वाहन चालकों तथा राहगीरों को परेशानी का सामना करना पडा। रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साईफन की जगह से टाईलें हटाए जाने के बाद हालात और अधिक खराब हो गए हैं। जहां से वाहन रेंगकर निकल रहे हैं। ईधर बारिश के बाद मौसम सुहावना बन गया। बारिश होने के बाद क्षेत्र में खडी बाजरे,गवार तथा कपास की फसल पर रौनक छा गई है। इससे पूर्व बारिश के अभाव में ये फसल सूखने लगी थी। कुछ किसानों ने स्प्रिंकलर सिस्टम से सिंचाई भी शुरू कर दी गई थी। बारिश न होने पर किसान चिंतित हो रहे थे। हाल ही में हुई अच्छी बारिश के बाद फसल में सिंचाई होने पर किसान प्रसन्नचित मुद्रा में हैं। कृषि विभाग के एडीओ विकास यादव ने बताया कि कनीना विकास खंड में करीब 33 हजार हैक्टेयर कृषि योज्य भूमि है जिसमें से 19 हजार हैक्टेयर भूमि में बाजरा, 6 हजार हैक्टेयर में गवार 7 हजार हैक्टेर भूमि में कपास तथा 98 हैक्टेयर रक्बे में मूंग की खेती गई है। बारिश होने के बाद क्षेत्र में खरीफ की फसल लहलहा रही है। बाजरे की बंपर पैदावार का अनुमान है। उन्होंने बताया कि बारिश की संभावना बनी हुई है। किसान फसल सिंचाई में संयम बरतें।

रेवाड़ी ज़िला के सभी विभागो के इंजीनियर्स ने अपनी माँगो को लेकर की बैठक

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सोमवार को हरियाणा फेडरेशन ऑफ इंजीनियर्स के बैनर तले रेवाड़ी ज़िले के सभी विभागों के इंजीनियर्स एकत्रित हुए कबैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के ज़िला प्रधान इंजीनियर रवीन्द्र गोठवाल एक्सईएन और सभा का संचालन महासचिव डॉ अरविन्द यादव एस डी ओ सिचाई विभाग ने किया। बैठक में शामिल इंजीनियर्स ने एकमत से कहा कि सरकार उनके साथ भेदभाव कर रही हैं, वेतन विसंगतियों का मामला सरकार के पास 2010 से लंबित है कज़िला प्रधान रवींद्र गोठवाल ने कहा जब से हरियाणा बना है इंजीनियर (एस-डीओ), डॉक्टर, उप पुलिस अधीक्षक एवं एचसीएस चारों पद हर वेतन आयोग में बराबर थे, परन्तु 2006 के छठे पे कमीशन में भेद भाव कर दिया गया कसरकार व अधिकारियों की उदासीनता के कारण इन विसंगतियों को अभी तक दूर नहीं किया गया है क जिसके चलते इंजीनियर्स अन्य विभागों से अब तक समकक्ष अधिकारियों जैसे डॉक्टर, एचसीएच, डीएसपी से निचले पायदान पर पहुंच चुके है । प्रदेश के सभी विभागों के अभियंता प्रदेश के चहुमुखी विकास में अपना पूर्ण योगदान दे रहे है तथा सरकार की सभी योजनाओ को अमली जामा पहनाने में दिन रात एक किये हुए है ।सरकार जायज माँगो को अनसुना कर रही है जिसके चलते इंजीनियर्स में रोष पनपा फेडरेशन के ज़िला महासचिव डॉ यादव ने बताया कि बैठक में सभी विभागों जैसे पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग, पब्लिक हेल्थ, पंचायती राज, मार्केटिंग बोर्ड, नगर निगम व एचएसवीपी आदि में कार्यरत इंजीनियर्स शामिल हुए और सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि सरकार उनकी मांगें 15 अगस्त तक मान ले नहीं तो पूरे राज्य के सभी इंजीनियर्स हड़ताल व आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के पास लगातार मांगों सम्बंधित ज्ञापन देने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ और आंदोलन के लिए मजबूर होना पडेगा कइस मौके पर अमर मलिक, अजय चौहान व जयप्रकाश एक्सईएन सिंचाई विभाग,

आदित्य देशवाल, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) अशोक यादव, वी पी चौहान एक्सईएन पब्लिक हेल्थ, संदीप यादव, मजीत, विशाल, अजय, रामनिवास, सुमित एसडीओ सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

स्याणा में पूर्व मंत्री ने किया जनसंपर्क, राव बंशी सिंह की कार्यशैली याद कर भावुक हुए ग्रामीण

कनीना सुनील दीक्षित

हरियाणा के पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने अटेली विधानसभा के गाँव स्याणा में डोर-टू-डोर जनसम्पर्क कर ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। स्थानीय लोगों ने राव नरेंद्र सिंह को उनके पिता राव बंशी सिंह की परछाई बताते हुए भावुक हो गए,ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री स्व. राव बंशी सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 1991 में जब राव बंशी सिंह अटेली से विधायक बने उस समय स्याणा गाँव महेंद्रगढ़ विधानसभा के अंतर्गत आता था, बावजूद उसके उन्होंने स्याणा गाँव में विकास कार्यों के लिए लाखों रुपए देकर इस गाँव का मान सम्मान बढ़ाया था` जिसके फलस्वरूप 2009 में हुए लोकसभा चुनावों में राव नरेंद्र सिंह को बतौर प्रत्याशी करीबन 68 प्रतिशत लोगों ने उनको आशिर्वाद रूपी मत देने का काम किया था। इस अवसर पर उपस्थित युवा वर्ग व बुजुर्गों ने पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह को आगामी विधानसभा चुनावों में शत-प्रतिशत सहयोग देने का विश्वास दिलाया। पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रदेश की मौजूदा सरकार हर वर्ग के साथ खिलवाड़ कर रही है , दो करोड रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा करके सत्ता में आने वाली भाजपा सरकार आज कौशल निगम की कच्ची भर्तियों के जरिए पढ़े लिखे युवाओं का शोषण कर रही है ` निगम के तहत लगे कर्मियों को ना उचित वेतन मिलता है, ना पेंशन और ना ही जॉब सेक्युरिटी` यही कारण है कि आज हरियाणा प्रदेश बेरोजगारी के मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर है जिसको लेकर युवा वर्ग बेहद चिंतित है। उन्होंने युवाओं को आश्वासन देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मियों को नीति बना कर

उनको अपनी योग्यता के अनुसार पक्का किया जाएगा वहीं भविष्य में हरियाणा के युवाओं को कच्ची नौकरियों के जंजाल से छुटकारा दिलाने के लिए खाली पड़े 2 लाख पदों पर पक्की भर्तियां की जाएंगी। इस अवसर पूर्व चेयरमैन सुमेर सिंह, मा.कृष्ण प्रकाश, रतन सिंह सहित गाँव के सरपंच, पूर्व सरपंच , नम्बरदार सहित अन्य मौजिज लोग उपस्थित रहे।

कनीना में आयोजित तिरंगा यात्रा में झलकी राष्ट्रीय एकता व अखंडता की झलक

कनीना सुनील दीक्षित



कनीना में विधायक सीताराम यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें उमड़े जन सैलाब ने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को श्रधासुमन अर्पित कर देशभक्ति के भाव प्रदर्शित किए। यात्रा के चलते पूरा शहर देशभक्ति के रंग में सराबोर दिखाई दिया। देशभक्ति गीत के साथ यात्रा जब आगे बढ रही तो इंद्रदेव प्रसन्न हुए और बारिश शुरू कर दी। बारिश के बावजूद नागरिकों का जोश कम नहीं हुआ। यात्रा का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैमोरियल क्लब में शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित करने से हुआ। उसके बाद डॉ.भीमराव अम्बेडकर चौक, शहीद स्मारक व शहीद सुजान सिंह पार्क पंहुची। विधायक सीताराम यादव ने कहा कि भारत देश का इतिहास गौरवशाली रहा है। देश की आजादी के समय जाने-अनजाने असंख्य वीरों ने शहादत दी। शहीदों की बदौलत देशवासी आजादी की सांस ले रहे हैं। हमें वीर-शहीदों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्दता को दर्शाता है। तिरंगा हमारे देश की न केवल पहचान है बल्कि यह शहीदों को समर्पित है। यात्रा में शामिल ग्रामीणों ने जिस जोश और उत्साह से हिस्सा लिया वह देश की अखंडता व एकता की भावना को प्रदर्शित करता है। उन्होंने आमजन से कहा कि वे राष्ट्रीय ध्वज के साथ सेल्फि लें ओर पोर्टल पर अपलोड करें। इस मौके पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह,बीडीपीओ नवदीप सिंह, जीएस राजपाल, अरविंद यादव,पंस चेयरमैन जेपी यादव,मुनीलाल शर्मा,रतन सिंह,कंवरसैन वशिष्ठ,राहुल मित्तल, अतरलाल, ओमप्रकाश सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

तिरंगा भारत देश की आन-बान व शान, राष्ट्रीय ध्वज का मान-सम्मान करना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है : खेल मंत्री

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। हरियाणा के खेल, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री संजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा हमारे देश की आन-बान व शान है। राष्ट्रीय ध्वज का पूरा सम्मान करना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में तिरंगा यात्राएं आयोजित करने का निर्णय लिया है और इन यात्राओं ने युवा पीढ़ी में राष्ट्र प्रेम व राष्ट्र भक्ति भरने का काम किया है। खेल मंत्री संजय सिंह सोमवार को रेवाड़ी के मॉडल टाउन स्थित हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करने से पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम आजादी की खुली फिजा में सुख-चैन की सांस ले रहे हैं यह सब हमारे देश के सेना के वीर जवानों की बदौलत है जो देश की सीमाओं व सरहदों की पूरी चौकसी के साथ निगेहबानी करते हुए रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम अपने घरों में होली-दीवाली मना रहे होते हैं उस समय भी देश की सेना के वीर सैनिक देश ही सरहदों पर डंटकर खड़े होते हैं और देश की दुश्मनों व बाहरी ताकतों से सुरक्षा करते हैं।खेल मंत्री ने कहा कि हमें देश के वीर शहीदों की शहादत को हमेशा याद रखना चाहिए ,

शहीदों ने देश को आजाद कराने व देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया था। उन्होंने कहा कि शहीद युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और युवा पीढ़ी को शहीदों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा से विशेषकर युवाओं में राष्ट्र प्रेम व राष्ट्र भक्ति की भावना और अधिक प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। सभी इस अभियान में शामिल होकर अपने घरों पर मान-सम्मान सहित तिरंगा फहराएं और उसकी हिफाजत करें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से सराबोर सस्कृतिक कार्यक्रमों की की बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। वन एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक नेता के रूप में छवि की बदौलत विश्व मे भारत का मान सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की कुशल व दृढ़ विदेश नीति ने वैश्विक स्तर पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का मान बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का मान सम्मान बढ़ाते हुए देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया में भारत के मान-सम्मान को बढ़ाया है जिस कारण से हर भारतवासी को अपने प्रधानमंत्री पर गर्व है।

अल्टाइस यूके से बीटी समूह में 24.5 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी भारती ग्लोबल

नई दिल्ली ।

भारती एंटरप्राइजेज की अंतरराष्ट्रीय निवेश शाखा भारती ग्लोबल बीटी समूह में लगभग 24.5 प्रतिशत हिस्सेदारी का अल्टाइस यूके से अधिग्रहण करेगी।

बताया जा रहा है कि ये हिस्सेदारी भारती टेलीवेंचर्स यूके के जरिये खरीदे जाएगी।यह भारती ग्लोबल द्वारा स्थापित व पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है। जानकारी के अनुसार भारती ग्लोबल, दूरसंचार डिजिटल अवसंरचना तथा अंतरिक्ष संचार में विश्व स्तरीय कंपनियों वाले अग्रणी भारतीय व्यापार समूह भारती एंटरप्राइजेज की अंतरराष्ट्रीय निवेश शाखा है। उसने अल्टाइस यूके से बीटी समूह की 24.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक समझौता किया है। हालांकि, विज्ञप्ति में सौदे के आकार का खुलासा नहीं किया गया, लेकिन बाजार पर्यवेक्षकों का कहना है कि बीटी के करीब 15 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन पर यह सौदा लगभग चार अरब अमेरिकी डॉलर के आसपास बैठ सकता है।

भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि भारती और ब्रिटिश टेलीकॉम (बीटी) के बीच दो दशक से भी अधिक पुराना संबंध है।बीटी के पास 1997-2001 तक भारती एयरटेल लिमिटेड के निदेशक मंडल में दो सीट के साथ 21 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। भारती समूह के इतिहास में आज यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि हम बीटी में निवेश कर रहे हैं, जो प्रतिष्ठित ब्रिटिश कंपनी है।

300वॉट फास्ट चार्जिंग टेक्नोलॉजी लाने की तैयारी

-मात्र 5 मिनट में 100 प्रतिशत चार्ज हो जाएगा फोन

नई दिल्ली ।

स्मार्टफोन की बैटरी फटाफट चार्ज करने के लिए चाइनीज कंपनी रियलमी 300वॉट फास्ट चार्जिंग टेक्नोलॉजी लाने पर काम कर रही है। ये दमदार फास्ट चार्जिंग बैटरी को सिर्फ कुछ मिनट में फुल चार्ज करने की क्षमता रखती है।5000 एमएएच बैटरी के साथ अगर 300वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट मिलता है तो मतलब फोन 0-100प्रतिशत चंद मिनट में पूरा हो जाएगा। एक लीक रिपोर्ट में रियलमी की 300वॉट फास्ट चार्जिंग टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी मिली है। चीनी टिपस्टर डिजिटल चैट स्टेशन (डीसीएस) ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म वीबो पर रियलमी की इस फास्ट चार्जिंग तकनीक के बारे में डिटेल शेयर की है। रिपोर्ट के मुताबिक ये अंदाजा लगाया गया है कि कंपनी इस फास्ट चार्जिंग टेक्नोलॉजी को रियलमी जीटी 7 प्रो में शामिल कर सकता है, जो एक फ्लैगशिप स्मार्टफोन होगा। कहा जा रहा है कि इसे इस साल के आखिर में लॉन्च किया जा सकता है। बताया गया है कि नई चार्जिंग तकनीक से फोन 3 मिनट में 50प्रतिशत तक और 5 मिनट में 100प्रतिशत तक चार्ज हो सकता है। अगर टिपस्टर के शेयर की गई जानकारी सही है, तो रियलमी का अगला फोन आईपी69 रेटिंग के साथ आ सकता है, जो इसे पानी और धूल से बचाता है। रियलमी के अलावा रेडमी ने भी रेडमी 12 के डिस्कवरी वेरिएंट में 300वॉट फास्ट चार्जिंग टेक्नोलॉजी की पेशकश की है। इससे 5 मिनट से भी कम समय में 4,100 एमएएच की बैटरी फुल चार्ज हो सकती है। बता दें कि रियलमी ने पहले अपने जीटी नियो 5 में 240वॉट फास्ट चार्जिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया था, जिसमें 4,600 एमएएच की बैटरी है। ये फोन 80 सेकेंड में 0 से 20प्रतिशत तक चार्ज हो जाता है और सिर्फ 10 मिनट में फुल चार्ज हो जाता है।

लेटेस्ट कूपे- एसयूवी की शुरुआती कीमत 7.99 लाख रुपये

नई दिल्ली ।

भारत में सिट्रोएन कंपनी ने अपनी लेटेस्ट कूपे- एसयूवी लॉन्च की है जिसे 7.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर पेश किया है। एसयूवी यह कीमत सिर्फ उन्हीं ग्राहकों के लिए लागू होगी जिन्होंने 31 अक्टूबर से पहले बुकिंग की है। बता दें कि नेक्सन के 1.2-लीटर रेवोट्रॉन टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन और 1.5-लीटर रेवोटॉर्क टर्बोचार्ज्ड डीजल इंजन वेरिएंट 8 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है। सिट्रोएन ने बेसाल्ट की सिर्फ शुरुआती कीमत का खुलासा किया है, और पूरी कीमत लिस्ट आने वाले दिनों में जारी होने की उम्मीद की जा रही है।

नई एसयूवी बेसाल्ट काफी हद तक सिट्रोएन सी-3 एयरक्रॉस जैसी दिखती है, जिसमें एलईडी डीआरएल के लिए समान वी-साइज़ का पैटर्न और एक स्प्लिट ग्रिल भी दिया गया है। सिट्रोएन बेसाल्ट को पांच मोनोटोन कलर ऑप्शन में पेश किया गया है, जिसमें पोलर व्हाइट, स्टील ग्रे, प्लैटिनम ग्रे, कॉस्मो ब्लू और गार्नेट रेड मौजूद है। इसे दो डुअल-टोन ऑप्शन में भी उपलब्ध कराया गया है, जिसमें प्लैटिनम ग्रे रूफ के साथ पोलर व्हाइट, और पेरला नेरा ब्लैक रूफ के साथ गार्नेट रेड शामिल है। इसके साइज में कूपे रूफलाइन है और इसमें 16 इंच के डुअल-टोन फिनिश वाले अलॉय व्हील मिलती हैं।

पीछे की तरफ, इसमें ब्लैक-आउट बंपर के साथ रैपअराउंड हैलोजन टेल लाइट्स मिलती हैं। बेसाल्ट का केबिन भी कंपनी की एसयवू सी-3 एयरक्रॉस की तरह लगता है, जिसमें एक जैसा डैशबोर्ड, डुअल डिजिटल डिस्प्ले (10.25-इंच टचस्क्रीन सिस्टम और 7-इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले), और एसी वेंट का डिज़ाइन भी शामिल है।

इसकी सेफ्टी किट में छह एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ईएससी), एक रियर पार्किंग कैमरा और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) शामिल हैं। सिट्रोन बासाल्ट के दो ऑप्शन मिलते हैं।

एक 1.2 एल का पेट्रोल इंजन जो 82 एचपी और 115 एनएम की पावर जेनरेट करता है और इस में केवल 5-स्पीड मैनुअल उपलब्ध है। वहीं दूसरा ऑप्शन 110 एचपी वाला टर्बो पेट्रोल इंजन है, जिसमें 6-स्पीड टॉर्क कनवर्टर ऑटोमैटिक (205 एनएम) दिया गया है।इसमें ऑटोमैटिक एसी, वायरलेस फोन चार्जर और पीछे की सीटों के लिए एडजस्टेबल अंडर-थाई सपोर्ट (87एमएम तक) शामिल है।

विदेशी उत्पाद खरीदने में भारतीय सबसे अव्वल

- 67 फीसदी भारतीयों ने खरीदा विदेशी सामान

मुंबई ।

भारतीय ग्राहक विदेशी सामान की सबसे ज्यादा खरीदारी करते हैं। एक सर्वे के अनुसार भारत में 67 फीसदी लोगों ने विदेशी सामान खरीदते हैं, जबकि अमेरिका में यह आंकड़ा 37 फीसदी और ब्रिटेन में 27 फीसदी है।

रिपोर्ट के अनुसार, 76 फीसदी भारतीय उपभोक्ता मानते हैं कि विदेशी उत्पाद देसी उत्पादों की तुलना में बेहतर हैं।

61 फीसदी से अधिक उपभोक्ता विदेशी उत्पादों की खरीदारी के लिए प्रमुख ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं।

हालांकि, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सीधी खरीदारी के विकल्प उपलब्ध होने के बावजूद, केवल 4.8 फीसदी उपभोक्ता ही सोशल मीडिया के माध्यम से खरीदारी करते हैं। सर्वे में शामिल देशों में भारत तीसरे स्थान पर है, जो ई-कॉमर्स साइट्स पर निर्भर करता है। इस सर्वे में भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य देशों के करीब 8200 उत्तरदाताओं से प्राप्त डेटा का अध्ययन किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान से भारतीय ई-कॉमर्स बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसने एक ही वर्ष में निर्धारित 40 हजार करोड़ डॉलर का लक्ष्य पार कर लिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यह वृद्धि मेक इन इंडिया कार्यक्रम और वैश्विक स्तर पर ग्राहकों की बढ़ती हुई मांगों के कारण हुई है।

भारत में खरीदे जाने वाले विदेशी उत्पादों में अंतरराष्ट्रीय फैशन प्रोडक्ट्स की मांग सबसे ज्यादा है।

इनके बाद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों खासकर मोबाइल फोन, टैबलेट, लैपटॉप आदि की काफी मांग है। खास बात ये है कि 45 फीसदी भारतीय खरीदारों को विदेशी उत्पादों पर लगने वाले कस्टम शुल्क की जानकारी नहीं होती है

दिल्ली मेट्रो में सफर होगा और आसान, जारी होंगे वर्चुअल स्मार्ट कार्ड

दिल्ली मेट्रो जल्द जारी करने जा रहा है वर्चुअल स्मार्ट कार्ड

नई दिल्ली ।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) एक नई डिजिटल फीचर पेश करने के बारे में विचार कर रही है। इसके बाद आपको फिजिकल स्मार्ट कार्ड रखने की जरूरत नहीं होगी। जल्द ही दिल्ली मेट्रो के लिए नया वर्चुअल स्मार्ट कार्ड सिस्टम आने वाला है। यह फीचर डीएमआरसी के मोमेंटम 2.0 के अलावा दिल्ली मेट्रो क्यूआर टिकट की सुविधा देने वाले मौजूदा प्लेटफार्मों जैसे वाट्सऐप, पेटीएम, अमेजन पे और वन दिल्ली के जरिए भी उपलब्ध होगी।

आसान भाषा में समझें तो मौजूदा क्यूआर कोड केवल सिंगल जर्नी के लिए मान्य होता है, यात्रियों को हर जर्नी के लिए एक नया क्यूआर कोड लेना होता है। यात्री वर्चुअल स्मार्ट कार्ड के जरिए मल्टीपल जर्नी के लिए एक ही क्यूआर कोड का इस्तेमाल कर सकेंगे। डीएमआरसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हम स्टोर किए गए वैल्यू के लिए क्यूआर को पेश करने की योजना बना रहे हैं। यह एक ट्रेडिशनल कार्ड की तरह होगा जो एक ही यात्रा तक सीमित नहीं होगा। यह पेपर प्रिंट की संख्या को भी कम करेगा। दिल्ली मेट्रो वर्चुअल स्मार्ट कार्ड मेट्रो काउंटरों पर उपलब्ध फिजिकल स्मार्ट कार्ड की तरह ही काम करेगा। इसे स्मार्टफोन पर स्टोर किया जा सकेगा। यात्री डीएमआरसी मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करके अपने क्यूआर वॉलेट को टॉप अप कर सकते हैं और यात्रा के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने के लिए स्टोर वैल्यू का इस्तेमाल कर सकते हैं। आपका वर्चुअल स्मार्ट कार्ड बैलेंस ऐप में सुरक्षित रूप से जमा रहेगा। अगर आपका मोबाइल गुम हो जाता है, तो भी आप अपने कार्ड के फंड तक पहुंचने के लिए दूसरे डिवाइस पर लॉग इन कर सकते हैं।

एलआईसी चालू वित्त वर्ष में शेयर बाजार में करेगी बड़ा निवेश

नई दिल्ली । देश की प्रमुख इंश्योरेंस कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) चालू वित्त वर्ष 2024-25 में शेयर बाजार में करीब 1.30 लाख करोड़ रुपये का नया निवेश करने पर विचार कर रही है। एलआईसी ने वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-जून के दौरान शेयरों में करीब 38,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। एक साल पहले इसी अवधि में यह राशि 23,300 करोड़ रुपये थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एलआईसी ने इक्विटी बाजारों में अपने निवेश से 15,500 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। उसका निवेश से मुनाफा तिमाही आधार पर 13.5 फीसदी ज्यादा रहा। एलआईसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम निश्चित रूप से बाजारों और कीमतों में उतार-चढ़ाव को देख रहे हैं। हम एक अच्छी राशि का निवेश करने पर विचार कर रहे हैं, कम से कम हमने पिछले वित्त वर्ष में जितना निवेश किया था। एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 1.32 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया था। उन्होंने कहा कि जून के अंत तक विभिन्न कंपनियों के शेयरों में एलआईसी के निवेश की मार्केट वैल्यू करीब 15 लाख करोड़ रुपये थि। इस समय तक एलआईसी ने 282 कंपनियों के शेयरों में निवेश किया था

वोल्टास का पहली तिमाही में मुनाफा बढ़कर 335 करोड़

नई दिल्ली । एयर कंडीशनर विनिर्माता व इंजीनियरिंग सेवा प्रदाता वोल्टास लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में मुनाफा दोगुना होकर 335 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली अप्रैल-तिमाही में मुनाफा 129.42 करोड़ रुपये था। टाटा समूह की कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पहली तिमाही में उसने एसी की 10 लाख इकाई की बिक्री रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की। इस तिमाही में उसकी कुल आय 5,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई। समीक्षाधीन तिमाही में वोल्टास की परिचालन आय 46.46 प्रतिशत बढ़ी। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 3,359.86 करोड़ रुपये थी। अप्रैल-जून तिमाही में वोल्टास का कुल खर्च 41.44 प्रतिशत बढ़कर 4,520.40 करोड़ रुपये हो गया। वोल्टास की कुल आय 45.81 प्रतिशत बढ़कर 5,001.27 करोड़ रुपये रही।

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने खालापुर में खरीदी 90 एकड़ जमीन

नई दिल्ली । गोदरेज प्रॉपर्टीज ने महाराष्ट्र के रायगढ़ के खालापुर में 90 एकड़ जमीन खरीदी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इस भूमि पर करीब 17 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र में विकास की संभावना है, जिसमें मुख्य रूप से आवासीय भूखंड विकास शामिल है। हालांकि, कंपनी ने इससे जुड़ी वित्तीय जानकारी नहीं दी। गोदरेज प्रॉपर्टीज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आवासीय भूखंड विकास ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण गति हासिल की है। खालापुर की आने वाले समय में अच्छी मांग होगी। गोदरेज हिलव्यू एस्टेट को मिली अच्छी प्रतिक्रिया के बाद हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करना है। खालापुर मुंबई से करीब 70 किलोमीटर दूर स्थित है।

काइनेटिक ग्रीन ने ग्रेटर पैसिफिक से जुटाए 2.5 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली । इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने निजी इक्विटी कंपनी ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल से 2.5 करोड़ डॉलर (करीब 209 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। कंपनी ने कहा कि उसने 'सीरीज ए' वित्त पोषण चक्र में यह पूंजी जुटाई। इसका लक्ष्य चार करोड़ अमेरिकी डॉलर तक जुटाना था। पुणे स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि वह इस धनराशि का इस्तेमाल सुपा (महाराष्ट्र) स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में उत्पादन बढ़ाने, हाल ही में पेश किए गए ई-लूना सहित अपने मौजूदा उत्पादों के विपणन तथा वितरण व नए उत्पादों के अनुसंधान एवं विकास के लिए करेगी। काइनेटिक ग्रीन ने इस साल जनवरी में अपना प्रमुख वाहन ई-लूना पेश किया था।

म्युचुअल फंड कंपनी का एयूएम रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली । म्यूचुअल फंड स्कीम्स में बीते महीने म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में रिकॉर्ड बढ़त देखने को मिली है। यह मासिक आधार पर 6 फीसदी बढ़कर 64.69 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है, जो कि जून में 60.89 लाख करोड़ रुपये पर था। म्यूचुअल फंड एयूएम बढ़ने से देश में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के चलन में इजाफा होना है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स (एएमएफआई) के डेटा के मुताबिक जुलाई में एसआईपी के जरिए 23,332 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जो अब तक का सबसे बड़ा डेटा है। हालांकि, कुछ इक्विटी निवेश 8.61 फीसदी कम होकर 37,113.4 करोड़ रुपये पर आ गया है, जो जून में 40,608.19 करोड़ रुपये पर था। यह लगातार 41वां महीना है, जब ओपन-एंडेड इक्विटी फंड्स में निवेश पॉजिटिव रहा है। हालांकि, इस दौरान बाजार में अच्छी तेजी देखने को मिली। जुलाई में सेंसेक्स ने 3.43 फीसदी और निफ्टी ने 3.92 फीसदी का सकारात्मक रिटर्न दिया है। एसआईपी के जरिए निवेश लगातार बढ़ने के कारण एसआईपी एयूएम बढ़कर 13,09,385.46 करोड़ रुपये हो गया है। यह एसआईपी एयूएम का अब तक का सबसे बड़ा डेटा है। जून में यह 12,43,791.71 करोड़ रुपये पर था।

सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

- सोना 69,800 रुपए, चांदी लगभग 80,250 रुपए

नई दिल्ली।

इस सप्ताह सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत नरमी के साथ हुई। दोनों के वायदा भाव सोमवार को गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 69,800 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 80,250 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने व चांदी के वायदा भाव में भी नरमी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सोमवार को गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 176 रुपये की गिरावट के साथ 69,719 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 101 रुपये की गिरावट के साथ 69,794 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट 118 रुपये की गिरावट के साथ 80,425 रुपये पर खुला। इस समय यह 278 रुपये की गिरावट के साथ 80,235 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। कॉमिक्स पर सोना 2,470.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,473.40 डॉलर प्रति औंस था। फिलहाल यह 7.10 डॉलर की गिरावट के साथ 2,466.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमिक्स पर चांदी के वायदा भाव 27.55 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 27.58 डॉलर था। फिलहाल यह 0.14 डॉलर की गिरावट के साथ 27.44 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

हिंडनबर्ग-सेबी विवाद से उबरा बाजार........

शुरुआती गिरावट के बाद सपाट बंद

मुंबई ।

हिंडनबर्ग-सेबी विवाद के बीच सोमवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए भारतीय शेयर बाजार सपाट बंद हुए। शुरुआती गिरावट से उबरते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 56.99 अंक टूटकर 79,648.92 पर बंद हुआ। सोमवार को सुबह के कारोबार में इंडेक्स 479.78 अंक की गिरावट के साथ 79,226.13 के निचले स्तर पर आ गया था। बाद में बेंचमार्क में तेज सुधार हुआ और यह 400.27 अंक चढ़कर 80,106.18 पर पहुंच गया। वहीं, दूसरी ओर एनएसई निफ्टी 20.50 अंक गिरकर 24,347.00 पर बंद हुआ। निफ्टी में सोमवार को 24,212.10 और 24,472.80 के रेंज में कारोबार हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 12 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। एक्सिस बैंक, इंफोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स और एचडीएफसी बैंक सेंसेक्स के टॉप-5 गेनर्स रहे। इसके अलावा, कोटक बैंक, मारुति, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई, इंडसइंड बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाभ में रहे।वहीं दूसरी तरफ, सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, एसबीआई और नेस्ले इंडिया सेंसेक्स के टॉप-5 लूजर्स साबित हुए। इसके अलावा, एमएंडएम, रिलायंस,टीसीएस, एलएंडटी, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल,आईटीसी, टाइटन, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, सन फार्मा और एचयूएल के शेयर नुकसान में रहे।बाजार जानकार ने कहा, भारतीय बाजार अपेक्षाकृत सपाट रहा। उन्होंने कहा कि अदाणी-हिंडनबर्ग और सेबी के बीच फिर से विवाद के तुल पकड़ने से बाजार की शुरुआत कमजोर रही। हालांकि, बाद में भारतीय शेयर बाजार, वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए स्मार्ट रिकवरी करने में कामयाब रहे।ग्लोबल मार्केट का कैसा रहा हालएशियाई बाजारों में, सियोल और हांगकांग सकारात्मक क्षेत्र में रहे, जबकि शंघाई निचले स्तर पर बंद हुआ। टोक्यो और बैंकॉक में बाजार छुट्टी के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजार अधिकतर ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।शुद्ध खरीदार रहे विदेशी संस्थागत निवेशकशेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआईएस) कई दिनों की शेयर बिकवाली के बाद शुक्रवार को खरीदार बन गए। उन्होंने 406.72 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.83 प्रतिशत चढ़कर 80.32 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

स्मार्टफोन- वनप्लस 12 की कीमत हुई कम

-फेस्टिव सीजन से पहले वनप्लस का तगड़ा

नई दिल्ली ।

वनप्लस कंपनी ने स्मार्टफोन- वनप्लस 12 की कीमत को कम कर दिया है। कंपनी ने इसके दोनों वेरिएंट को 5 हजार रुपये का प्राइस कट दिया है। प्राइस कट के बाद फोन के 12जीबी रैम + 256जीबी इंटरनल स्टोरेज वाले वेरिएंट की कीमत 64,999 रुपये से घट कर 59,999 रुपये हो गई है। वहीं, फोन के 16जीबी रैम और 512जीबी इंटरनल स्टोरेज वाले वेरिएंट के लिए आपको अब 69,999 रुपये की बजाय अब केवल 64,999 रुपये खर्च करने होंगे। खास बात है कि कंपनी इस फोन पर 7 हजार रुपये तक का इंस्टेंट डिस्काउंट भी दे रही है। साथ ही आप इसे 1 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई पर भी खरीद सकते हैं। फोन में कंपनी 3168गुणा 1440 पिक्सल रेजॉलूशन के साथ 6.82 इंच का 2के आलेड प्रो एक्सडीआर कर्व्ड डिस्प्ले दे रही है। यह डिस्प्ले 120एचझेड के रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करता है। इसका पीक ब्राइटनेस लेवल 4500 निट्स का है। फोन 16जीबी तक की एलपीडीडीआर5एक्स रैम और 512जीबी तक के यूएफएस 4.0 इंटरनल स्टोरेज के साथ आता है। प्रोसेसर के तौर पर कंपनी इस फोन में स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 ऑफर कर रही है। सेल्फी के लिए फोन में कंपनी 32 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दे रही है। फोन को पावर देने के लिए इसमें 5400 एमएएच की बैटरी दी गई है। यह बैटरी 100वॉट की सुपर वॉक चार्जिंग को सपोर्ट करती है। फोन में आपको 50 वॉट की वायरलेस चार्जिंग भी मिलेगी।

फोटोग्राफी के लिए फोन के बैक पैनल पर आपको एलईडी फ्लैश के साथ तीन कैमरे मिलेंगे। इनमें 50 मेगापिक्सल के ओआईएस मेन कैमरा के साथ एक 64 मेगापिक्सल का ओम्निविजन टेलिफोटो कैमरा और एक 48 मेगापिक्सल का अल्ट्रावाइड ऐंगल कैमरा शामिल है।

रुपया डॉलर के मुकाबले सीमित दायरे में

मुंबई ।

रुपये ने सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में रुपया 83.95 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.96 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया शुक्रवार को 83.95 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 103.22 पर रहा।

इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं रोहित शर्मा

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा इन दिनों काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वह लगातार गेंदबाजों को परेशान कर रहे हैं। रोहित अपने इस इरादे में सफल भी रहे हैं और उनकी इस तरह की बल्लेबाजी से भारतीय टीम को तेज शुरुआत भी मिल रही है।

वहीं वनडे वर्ल्ड कप 2023 की बात करें या फिर टी20 वर्ल्ड कप 2024 की या फिर उसके बाद श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज की। रोहित ने हर जगह गेंदबाजों को अपनी बल्लेबाजी से परेशान किया। इसके दम पर वो अन्य भारतीय बल्लेबाजों के मुकाबले ज्यादा सफल भी रहे। अब रोहित शर्मा बतौर ओपनर टीम के लिए इतने सफल रहे हैं तो शुभमन गिल भी उनसे पीछे नहीं हैं, बल्कि जब बात 2023 से अब तक इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने की हो तो गिल यहां पर रोहित शर्मा ससे बाजी मारते हुए नजर आ रहे हैं।

शुभमन गिल के लिए पिछली कुछ सीरीज ज्यादा अच्छी नहीं रही है, लेकिन 2023 से लेकर अब तक इंटरनेशनल क्रिकेट में वो सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर है। 2023 से लेकर अब तक गिल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 2975 रन बनाए हैं और इससे साफ पता लग जाता है कि उन्होंने किस अंदाज में बल्लेबाजी की है। वहीं दूसरे नंबर पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं जो 2790 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर श्रीलंका के बल्लेबाज कुसल मेंडिस हैं जिन्होंने इस अवधी में 2724 रन 78 पारियों में बनाए हैं जबकि चौथे स्थान पर विराट कोहली हैं जिन्होंने 51 पारियों में 2344 रन जड़े हैं। पांचवें नंबर पर डेरिल मिचेल मौजूद हैं जिन्होंने 68 इनिंग में 2339 रन बनाए हैं तो वहीं ट्रेविस हेड भी इस लिस्ट में 61 पारियों में 2257 रन बनाकर छठे स्थान पर हैं। सातवें नंबर पर श्रीलंका के ही पथुम निसांका हैं जिन्होंने 56 पारियों में 2152 रन बनाए हैं।

ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करना अच्छा संकेत : रिकी पोंटिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। लॉस एंजिल्स में 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट शामिल होने से, इस खेल के लिए पूरी तरह से अलग दर्शक वर्ग खुल जाएगा। यह कहना है ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट लीजेंड रिकी पोंटिंग का। उन्होंने कहा कि क्रिकेट को आखिरी बार 1900 में ओलंपिक में शामिल किया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने पिछले साल अक्टूबर में मुंबई में आयोजित 141वें आईओसी सत्र में क्रिकेट को शामिल करने की आधिकारिक पुष्टि की थी। रिकी पोंटिंग ने एक कार्यक्रम में कहा कि, यह हमारे खेल के लिए अच्छे संकेत हैं। हम पिछले 15-20 साल से ओलंपिक में क्रिकेट को जगह देने के लिए प्रयास कर रहे थे, आखिरकार यह हो गया है। इवेंट में चार साल बचे हैं। इतने समय में अमेरिका में मेजर क्रिकेट लीग में भी विकास होगा। इससे अमेरिका में जमीनी स्तर पर क्रिकेट का विकास हो सकता है। उन्होंने कहा कि, जब ओलंपिक खेलों की बात आती है तो यह आपके लिए बड़ा दर्शक वर्ग खोलता है। ओलंपिक दुनिया में काफी लोगों के द्वारा देखा जाता है। एक बिल्कुल अलग तरह का दर्शक वर्ग क्रिकेट को ओलंपिक में मिलेगा, जो हमारे खेल के लिए अच्छी बात है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मेंटर या कोच के रूप में काम करने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा, ओलंपिक खेलों में एक क्रिकेट टीम के मेंटर के रूप में रहना, उनके साथ समय बिताना काफी अच्छा काम होगा। मैं कॉमनवेल्थ खेलों में खेलने के लिए भाग्यशाली था और विलेज में एथलीटों के आसपास रहना एक क्रिकेटर के लिए एक काफी शानदार वातावरण था। तो, देखिए, मैं मना नहीं करूंगा, लेकिन मुझे लगता है कि ओलंपिक खेलों में ऑस्ट्रेलियाई टीम के मेंटर या कोच बनने की कोशिश करने के लिए बहुत सारे लोग हाथ उठाएंगे। इसका हिस्सा बनना विशेष होगा, देखिए क्या होता है। पोंटिंग ने यह भी कहा कि क्रिकेट बेसबॉल के फैन बेस की लोकप्रियता का फायदा उठा सकता है। यह खेल अमेरिका में काफी लोकप्रिय है और क्रिकेट से मिलता-जुलता है। अमेरिका में क्रिकेट के विकास की अपार संभावनाएं हैं।

दक्षिण अफ्रीका दौरे में हार से हुई थी सबसे अधिक निराशा : द्रविड़

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि 2021 का दक्षिण अफ्रीका का दौरा कोच के तौर पर उनके लिए सबसे कठिन रहा था। भारतीय टीम इस दौर में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में बढ़त बनाने के बाद भी 1-2 से हार गयी थी। द्रविड़ ने कहा कि आईसीसी एकदिवसीय फाइनल में मिली हार भी निराशाजनक थी पर इससे भी ज्यादा बुरा उन्हें तब लगा जब टीम दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज हार गयी थी। भारतीय टीम तीन मैचों की इस टेस्ट सीरीज बढ़त बनाने के बाद भी 1-2 से हार गयी थी। वह दौरा उनका मुख्य कोच के रुप में उनका पहला विदेशी दौरा था। तब विराट कोहली कप्तान थे। भारतीय टीम के पास तब दक्षिण अफ्रीका में पहली बार सीरीज जीतने का अवसर था पर वह उसके हाथ से निकल गया।

द्रविड़ ने नंबर 2021 से जून 2024 तक कोच की जिम्मेदारी संभाली। टी20 विश्व कप 2024 के बाद ही द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हुआ। द्रविड़ के कोच रहते भारतीय टीम तीन बार आईसीसी टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में पहुंची। हालांकि, भारत को एकदिवसीय विश्व कप 2023 और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। द्रविड़ ने कहा कि, अगर आप मुझसे पूछें कि मेरा सबसे मुश्किल वक्त कौन सा था तो मैं कहूंगा कि मेरे करियर की शुरुआत में आयोजित हुई दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज थी। हमने दक्षिण अफ्रीका में सेंचुरियन में पहला टेस्ट मैच जीता था और फिर हमें दूसरा और तीसरा टेस्ट मैच खेलना था। इस सीरीज को जीतने का हमारे पास बहुत बड़ा मौका था हालांकि तब रोहित शर्मा सहित कुछ अनुभवी खिलाड़ी चोटिल होने के कारण बाहर थे। इसके बाद भी टीम के पास जीत का अवसर था पर वह उसका लाभ नहीं उठा पायी।

गुडबॉय पेरिस, अब 2028 में लॉस एंजिल्स में मिलेंगे

–समारोह में एक वक्त ऐसा आया कि जब स्टेडियम में घोर अंधेरा छा गया

– ओलपिक 2024 के समापन समारोह में मनु भाकर–श्रीजेश फ्लैगबियरर रहे

पेरिस (एजेंसी)। पेरिस ओलंपिक 2024 रविवार को ओलंपिक फ्लैग झुकाने के साथ इसका समापन हो गया। अब अगला ओलंपिक 2028 में लॉस एंजिल?स में होगा। भारत ने पेरिस ओलंपिक में एक सिल्वर और पांच कास्य के साथ कुल 6 पदक जीते। पेरिस में दो पदक जीतने वालीं मनु भाकर और हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश समापन समारोह में भारत के फ्लैगबियरर रहे। दोनों खिलाड़ियों ने भारत का तिरंगा हाथ में थामा रखा। पेरिस ओलंपिक में भारत की तरफ से 117 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ओलंपिक इतिहास में पहली बार समापन समारोह में आखिरी पदक महिला मैराथन को मिला। इससे पहले पुरुष वर्ग में यह पदक दिया जाता था।

पेरिस ओलंपिक का समापन स्टेड डी फ्रांस स्टेडियम में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात हुआ। इस रंगारंग समारोह को टोनी एस्तांगुएट और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने संबोधित किया। टोनी ने कहा कि यह ओलंपिक गेम्स का समापन नहीं, बल्कि उद्घाटन समारोह की समाप्ति है। खेल तो हमेशा होते रहेंगे। थॉमस बाक ने लॉसएंजिल्स के मेयर को ओलंपिक ध्वज सौंपा। पेरिस ओलंपिक का समापन समारोह तीन घंटे तक चला। समापन समारोह की शुरुआत फ्रेंच गीत से हुई। इसके बाद परेड ऑफ नेशंस हुई। फिर बेल्जियम की पॉप सिंगर एंजेले वान बीक ने अपनी प्रस्तुति दी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के गोल्डन वॉयजर बैंड ने ओलिंपिक की खोज दिखाई। फ्रांस के बैंड फिनिक्स की परफॉर्मेंस में एंजेले, कमिस्की और रैपर वनाद्रा ने दी फिर पांच ग्रैमी अवॉर्ड विनर गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन ने अमेरिका का राष्ट्रीय गीत गाया।

हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने भी समापन समारोह में अपनी प्रस्तुति दी। वे स्टेडियम की छत से एक रोप के जरिये नीचे उतरे फिर सिमोन बाइल्स और लॉस एंजिल्स के मेयर से ओलंपिक फ्लैग लिया और बाइक से उसे लेकर चले गए। फिर उन्होंने एक प्लेन से फ्लैग के साथ जंप किया और लॉस लॉस एंजिल्स में उतरे यह सीन पहले ही शूट कर लिया गया था। इसके बाद अमेरिका के महान एथलीट माइकल जॉनसन को फ्लैग सौंपा गया। आखिर में ओलंपिक मशाल बुझाकर समारोह का समापन किया गया।

समापन समारोह में एक वक्त ऐसा आया कि जब स्टेडियम में घोर अंधेरा छा गया। इसके बाद लाइट शो शुरू हुआ। लाइट शो की थीम 'गोल्डन वॉयजर' थी। शो में एक कहानी दिखाई गई। एक ट्रैवलर, गोल्डन मैन, जिसका शरीर सोने का बना हुआ था। वह दुनिया की सैर पर निकलता है। ग्रीस पहंचता है, जहां, 2800 साल पहले ओलंपिक गेम्स की शुरुआत हुई थी। इसको देख लोग प्रसन्न चित हो गए।

अगले माह खेल में वापसी कर सकते हैं शमी

मुम्बई । अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी फिट नहीं होने के कारण एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट के बाद से ही भारतीय टीम से बाहर हैं । इसी कारण वह टी20 विश्वकप के लिए भी टीम में नहीं थे । वहीं अब शमी के प्रशासकों के लिए अच्छी खबर है । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयनसमिति के प्रमुख अजीत अगरकर के अनुसार शमी 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली सीरीज से वापसी कर सकते हैं । अगरकर ने माना है कि शमी की रिकवरी अच्छी हो रही है और अगर सब कुछ इसी तरह चला तो वह अगले माह खेलते हुए दिखेंगे । अगरकर के अनुसार शमी ने गेंदबाजी भी शुरू कर दी है । शमी टखने की चोट के कारण एकदिवसीय विश्वकप क बाद से ही खेल से दूर है । सीरीज का पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर से खेला जाएगा । ऐसे में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि शमी टेस्ट सीरीज में वापसी कर पाते हैं या नहीं । शमी को दिसंबर–जनवरी में दक्षिण अफ्रीका में दो मैचों की सीरीज के लिए भारत की टेस्ट टीम में शामिल किया गया था पर बाद में उन्हें इस दौरे से भी आराम दे दिया गया था ।

समय से पहले पाक पहुंचेगी बांग्लादेश क्रिकेट टीम

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि बांग्लादेश की टीम दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए तय समय से पहले पहुंचेगी । पीसीबी के अनुसार बांग्लादेश में खराब हालातों के कारण टीम अभ्यास नहीं कर पा रही है । ऐसे में अब बांग्लादेश क्रिकेट टीम 13 अगस्त को ही पाक पहुंच जाएगी । दोनो देशों के बीच आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंतर्गत होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज 21 अगस्त से शुरु होगी । पीसीबी ने कहा कि उसने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से जल्द टीम भेजने को कहा था जो उसने स्वीकार कर लिया । बांग्लादेश के खिलाड़ी 16 अगस्त तक गद्दाफी स्टेडियम में अभ्यास के बाद रावलपिंडी में आगे का अभ्यास करेंगे । दोनो टीमों के बीच पहला टेस्ट 21 से 25 अगस्त को रावलपिंडी में जबकि दूसरा टेस्ट 30 अगस्त से तीन सितंबर तक कराची में होगा । पीसीबी के मुख्य परिचालन अधिकारी सलमान नसीर ने कहा कि उन्हें खुशी है कि बीसीबी ने पहले टीम भेजने का उनका आमंत्रण स्वीकार कर लिया । नसीर ने कहा, ''खेल महज जीत और हार नहीं है । यह भाईचारे के बारे में भी है ।

वेस्टइंडीज में टी20 क्रिकेट लीग में खेलती नजर आयेंगी जेमिमा और शिखा

मुम्बई । वेस्टइंडीज में टी20 महिला क्रिकेट लीग इसी माह 20 अगस्त से होगी । इसमें दुनिया भर की खिलाड़ियों के साथ ही भारत की भी जेमिमा रोड्रिग्स, शिखा पांडे जैसे खिलाड़ी खेलती नजर आये । वहीं पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी मेंटोर की भूमिका में नजर आयेंगी । झूलन त्रिनबागो नाइट राइडर्स की मेंटॉर रहेंगी । ये लीग 21 अगस्त से 29 अगस्त तक चलेगी । इस लीग में कई भारतीय महिला क्रिकेटर भी खेलेंगी इस लीग में तीन ही टीमें बारबाडोस रॉयल्स, गुयाना अमेजन वॉरियर्स विमंस और त्रिनबागो नाइट राइडर्स भाग ले रही हैं । इसमें भी दो टीमों में आईपीएल फ्रेंचाइजियों की भागीदारी है । झूलन इस लीग में त्रिनबागो नाइट राइडर्स की मेंटॉर की भूमिका में रहेंगी । झूलन इससे पहले भारतीय घरेलू क्रिकेट में भी बंगाल की महिला टीम की मेंटॉर रही है । वह महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियस की मेंटॉर और गेंदबाजी कोच रही है । मेंटोर की भूमिका को लेकर उत्साहित झूलन ने इसे लेकर कहा कि, इतनी शानदार फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है । अब मेरा ध्यान टीम को लीग में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है ।

ऋषभ पंत को टेस्ट क्रिकेट में आसान नहीं होगी वापसी, ये 3 विकेटकीपर दे सकते हैं कड़ी टक्कर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम को अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। जिसके लिए टीम का ऐलान होना बाकी है। लेकिन कहा जा रहा है कि, इस सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम में विकेटकीपर ऋषभ पंत की वापसी हो सकती है। दरअसल, टीम के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर पहले ही इस बात का ऐलान कर चुके हैं कि पंत को टेस्ट क्रिकेट में लाने की तैयारी चल रही है। जिस कारण उनको वनडे टीम में शामिल किया गया था। हालांकि, पंत के लिए टेस्ट टीम में वापसी करना आसान नहीं होगा।

बेहद ही खतरनाक कार एक्सीडेंट के कारण आईपीएल 2024 से पहले ऋषभ पंत 15 महीने तक क्रिकेट से दूर थे। वहीं उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच दिसंबर 2022 में खेला था उसी महीने के आखिर में उनका कार एक्सीडेंट हुआ था। लेकिन अब वे रेड बॉल क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। आईपीएल 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन और फिटनेस साबित करने के बाद उनको टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए चुना गया था। इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए भी उन्हें मौका मिला था।

स्टार खिलाड़ी खेलेंगे दलीप ट्रॉफी

बांग्लादेश टीम अगले महीने भारत दौरे पर आएगी, जहां दोनों टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। अगरकर और उनकी समिति दलीप ट्रॉफी के लिए खिलाड़ियों की घोषणा करने के लिए भी तैयार है। 5 से 24 सितंबर के बीच ये टूर्नामेंट खेला जाएगा। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में खेलते हुए दिखेंगे। इसके बाद भारत को बांग्लादेश के खिलाफ दो, न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर में 3 और नवंबर-दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर 5 टेस्ट मैच खेलने हैं।

दलीप ट्रॉफी खेल सकते हैं ऋषभ पंत

पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, चयनकर्ता पंत को दलीप ट्रॉफी में मौका देने का फैसला करने पर विचार कर रहे हैं। जिससे उन्हें लाल गेंद के प्रारूप में बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। इसके बाद ही बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के लिए टीम का ऐलान होगा। हालांकि, पंत को ईशान किशन, ध्रुव जुरैल और केएल राहुल से बतौर विकेटकीपर कड़ी टक्कर मिल सकती है।

ऋषभ पंत को मिल सकती है कड़ी टक्कर

पंत की गैरमौजूदगी में केएस भरत को मौका दिया गया, लेकिन वे फेल रहे। इसके बाद ईशान किशन की ओर टीम गई, लेकिन वहां भी निराशा हाथ लगी। साउथ अफ्रीका दौरे के दौरान ईशान किशन टीम की पहली पसंद थे, लेकिन उन्होंने मानसिक थकान का हवाला देकर टीम का साथ छोड़ दिया। ऐसे में केएल राहुल को विकेटकीपिंग सौंपनी पड़ी। जिन्होंने साउथ अफ्रीका के बाद घरेलु सरजमीं पर इंग्लैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था और अपनी जगह सुनिश्चित की थी।

वहीं दलीप ट्रॉफी के लिए ध्रुव जुरेल, ईशान किशन और केएल राहुल को भी चुना जाएगा। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ कुछ मैचों में विकेटकीपिंग की जिसमें उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। ऐसे में पंत को इन तीनों विकेटकीपरों से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। विदेशी सरजमीं पर ऋषभ पंत भारत को कई बार जीत दिला चुके हैं। फिर चाहे वो विकेटकीपिंग हो या बल्लेबाजी उन्होंने खुद को हर बार साबित किया है।

श्रीधर बोले , इस कारण सूर्यकुमार को मिली टी20 प्रारुप की कप्तानी

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर ने कहा है कि सूर्यकुमार यादव के लगातार उपलब्ध रहने के कारण ही उन्हें टी20 प्रारुप की कप्तानी मिल है । वहीं इससे पहले ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को कप्तानी का प्रबल दावेदार माना जा रहा था । श्रीधर के अनुसार गत माह हुए श्रीलंका दौरे में भी जब हार्दिक की जगह सूर्यकुमार कप्तान बने तो सभी हैरान हो गये थे । तब तक किसी ने सोचा भी नहीं था कि हार्दिक को कप्तानी नहीं मिलेगी । हार्दिक के लिए नकारात्मक बात उनकी खराब फिटनेस रही है। इसी कारण वह लगातार उपलब्ध नहीं रहते हैं जबकि सूर्या को लेकर ऐसी परेशानी नहीं नहीं है । चयन समिति चाहती थी कि कप्तान हर मैच के लिए उपलब्ध रहे । इससे पांड्या कप्तान और उप–कप्तान दोनों की ही रेस से बाहर हो गए । श्रीधर ने कहा कि मैदान पर सूर्यकुमार को नियमित रूप से उपस्थित रहने का लाभ मिला । चयन समिति का मानना था कि सूर्या एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो भारत के हर मैच में मैदान पर उपस्थित रहेंगे । इसके अलावा उन्हें कप्तान बनाये जाने पर कार्यभार प्रबंधनी जैसे परेशानी नहीं आयेगी । वहीं हार्दिक बल्लेबाजी और गेंदबाज दोनो करते है, ऐसे में कार्यभार प्रबंधन के तहत उन्हे बीच–बीच में आराम देना भी जरुरी रहता है । इन्हीं अब बातो से पलड़ा सूर्या की ओर घूम गया । इसके अलावा सूर्यकुमार ने कुछ मैचों में तब भारत की कप्तानी की । इससे भी चयनकर्ताओं को भरोसा हो गया कि वह अच्छी तरह से ये जिम्मेदारी निभा सकते हैं । साथ ही कहा कि उनके आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल से भी चयनसमिति प्रभावित थी ।

बैडमिंटन, मुक्केबाजी में विश्व चैम्पियन हमारे एथलीट्स, ओलिम्पिक में एक भी मैडल ला नहीं पाए

पैरिस (एजेंसी)। पैरिस ओलिम्पिक में भारतीय दर्शकों को सबसे बड़ी निराशा बैडमिंटन और मुक्केबाजी से हाथ लगी। दोनों गेम में भारत के पास विश्व चैम्पियन थे लेकिन ओलिम्पिक में मानसिक दबाव में दबे यह एथलीट्स एक भी मैडल हासिल नहीं कर पाए।

एथलैटिक्स के बाद बैडमिंटन को मिला था सबसे बड़ा बजट

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों का लंदन ओलिम्पिक (2012) से शुरू हुआ पदक जीतने का सिलसिला 12 साल के बाद पैरिस ओलिम्पिक में थम गया, जो इस खेल के प्रशंसकों के लिए किसी निराशा की तरह था। लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल के सैमीफाइनल में पहुंच कर पदक की उम्मीद जगाई थी लेकिन सैमीफाइनल और कांस्य पदक के मुकाबले में अच्छी स्थिति में होने के बावजूद उनकी हार चिंताजनक रही। रियो (2016) और टोक्यो (2021) में पदक जीतने वाली पी.वी. सिंधु से पैरिस में हैट्रिक की उम्मीद थी तो वहीं, सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शैट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को पदक का सबसे बड़ा दावेदार माना गया था। इन खिलाड़ियों के साथ पुरुष एकल में एच.एस. प्रणय और महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी भी दबाव में बिखर गई।

बैडमिंटन के लिए 72.03 करोड़ रुपए आवंटित

ओलिम्पिक के पैरिस चक्र के दौरान सरकार ने प्लेयरों के 13 राष्ट्रीय शिविर और 81 विदेशी अनुकूलन दौरे कराए। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलिम्पिक सैल ने बैडमिंटन के लिए 72.03 करोड़ रुपए आवंटित किए, जो भारत की ओलिम्पिक तैयारियों के लिए 16 खेल में खर्च किए गए लगभग 470 करोड़ रुपए में से दूसरी सबसे बड़ी राशि है।

सात्विक और चिराग का जादू नहीं चला

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सात्विक और चिराग को स्वर्ण का दावेदार माना गया लेकिन वह आगे नहीं बढ़ पाए। सरकार ने जर्मनी और फ्रांस में सिंधू और लक्ष्य के प्रशिक्षण के लिए क्रमशः 26.60 लाख रुपए और 9.33 लाख रुपए मंजूर किए गए थे। सिंधू की टीम में 12 सदस्यीय सहायक टीम थी, लेकिन वह चीन की ही बिंगजियाओ से आगे निकलने में असफल रहीं। सात्विक और चिराग ने इस साल बी.डब्ल्यू.एफ. के 4 विश्व टूर फाइनल में 2 खिताब जीते थे और 2023 एशियाई खेलों, 2022 राष्ट्रमंडल खेलों और 2023 एशिया चैम्पियनशिप जैसे प्रमुख आयोजनों में कई पदक जीते थे। सरकार ने पेरिस चक्र के लिए इस भारतीय जोड़ी पर कुल 5.62 करोड़ रुपए खर्च किए, लेकिन क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया।

लक्ष्य सेन दबाव में बिखरे

विश्व चैम्पियनशिप (2023) और एशियाई खेलों में कांस्य पदक विजेता प्रणय को प्रशिक्षण के लिए 1.8 करोड़ रुपए मिले, लेकिन खेलों से पहले चिकनगुनिया ने उनके अभ्यास को बाधित किया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य से हार का सामना करना पड़ा। अश्विनी और तनीषा को 1.5-1.5 करोड़ रुपए का समर्थन मिला लेकिन यह जोड़ी ग्रुप चरण में कोई भी मैच जीतने में विफल रही। लक्ष्य ने आखिरी के 2 मैचों में असफलता के बावजूद जज्बा और शानदार कौशल का प्रदर्शन किया और चौथे स्थान पर रहे।

उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए भारतीय मुक्केबाज

निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन जैसे मौजूदा विश्व चैम्पियन खिलाड़ियों के बावजूद भारतीय मुक्केबाज पैरिस ओलिम्पिक में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें बिना पदक के वापस लौटना पड़ा। विजेंदर सिंह के बीजिंग ओलिम्पिक 2008 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय मुक्केबाजों से ओलिम्पिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाने लगी थी। इसके 4 साल बाद एमसी मैरी कॉम ने लंदन ओलिम्पिक में कांस्य पदक जीता था। रियो ओलिम्पिक 2016 में भारतीय मुक्केबाज पदक नहीं जीत पाए लेकिन टोक्यो ओलिम्पिक में लवलीना कांस्य पदक हासिल करने में सफल रही थी। इस परिदृश्य में उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय मुक्केबाज पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

बॉक्सिंग में 2 पदकों की पूरी उम्मीद थी

खेल के जानकारों का मानना ??था कि क्वालीफाई करने वाले छह मुक्केबाजों से दो नहीं तो कम से कम एक पदक की उम्मीद की जा सकती है। 2 बार की विश्व चैम्पियन जरीन (50 किग्रा), लवलीना (75 किग्रा) और विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) सभी को पोडियम पर पहुंचने का मजबूत दावेदार माना जा रहा था। लेकिन जब वास्तविक प्रतिस्पर्धा की बात आई तो भारतीय खिलाड़ियों में आवश्यक गति की कमी नजर आई। निशांत को अपवाद माना जा सकता है क्योंकि क्वार्टर फाइनल में विवादास्पद परिणाम के कारण वह पदक से वंचित हो गए। जहां तक जरीन और लवलीना का सवाल है तो वह अपनी मजबूत प्रतिद्वंदियों के सामने संघर्ष करती हुई नजर आई।

अमित पंघाल ने निराश किया

अमित पंघाल (51 किग्रा) अपनी पिछली फॉर्म को दिखाने में नाकाम रहे। लवलीना, पंघाल और निशांत को पदक सुरक्षित करने के लिए सिर्फ 2 जीत की जरूरत थी। लवलीना और जरीन को हालांकि मुश्किल ड्रॉ मिला था लेकिन वह दोनों मौजूदा विश्व चैम्पियन हैं और ऐसे में उनसे इस तरह की चुनौतियों से पार पाने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन इन दोनों मुक्केबाजों ने चीन की अपनी प्रतिद्वंदियों के सामने आसानी से घुटने टेक दिए। जरीन को स्वर्ण पदक का दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह दूसरे दौर में ही वू यू से हार गई। लवलीना को चीन की अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी ली कियान से हार का सामना करना पड़ा। इन दोनों मुक्केबाजों के बीच अभी तक खेले गए 4 मुकाबलों में से 3 में चीन की खिलाड़ी ने जीत दर्ज की है।

महिला बॉक्सर भी हारी

पुरुष वर्ग में पंघाल जाम्बिया के पैट्रिक चिनेम्बा के खिलाफ अपने तेज और आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं कर पाए। जाम्बिया का मुक्केबाज भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया। जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) पिछले ओलिम्पिक खेलों की रजत पदक विजेता नेस्टी पेटेसियो से हार गईं। प्रीति पवार (54 किग्रा) ने मौजूदा विश्व रजत पदक विजेता येनी मार्सेला एरियास को कड़ी चुनौती दी लेकिन आखिर में अनुभव की कमी उनके आड़े आई और उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

समाचार गेट
TITLE CODE: HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर-6 नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक, कृष्णा शर्मा। सम्पादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः ब्रह्मदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : samachargate@gmail.com

मेहनत की तारीफ न मिलने पर प्रशंसकों से नाराज हुए कार्तिक

अभिनेता कार्तिक आर्यन फिलहाल चंदू चैंपियन को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। कल यानी शुक्रवार 9 अगस्त को इसे प्राइम वीडियो पर रिलीज कर दिया गया। आज अभिनेता ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। इसमें वे प्रशंसकों से शिकायत करते नजर आ रहे हैं।

अभिनेता का कहना है कि उन्होंने इस फिल्म के लिए इतनी मेहनत की है और प्रशंसक तारीफ तक नहीं कर रहे। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से कार्तिक ने पोस्ट साझा की है। इसके साथ लिखा है, यहां आप लोगों के लिए एक मैसेज है। और साथ मे जुड़े रहिए। वीडियो में कार्तिक कुछ उदास नजर आ रहे हैं। इसके बाद उनसे कोई सवाल करता है, क्या हुआ कार्तिक? क्या परेशानी है? इसके बाद कार्तिक शुरू हो जाते हैं, प्रॉब्लम....मेरी प्रॉब्लम ये है कि....। फैंस को लगता है कि वो अपना प्यार का पंचनामा वाला मोनोलॉग सुनाएंगे, लेकिन कार्तिक बीच में ही रुक जाते हैं और फिर फैंस से शिकायत करते हैं। कार्तिक कहते हैं, ये तुम लोगों का हर बार का हो गया है। पिक्चर प्रमोट करनी है तो कार्तिक से मोनोलॉग बुलवा दो। अरे इतनी मेहनत की है मैंने। चार नहीं, छह नहीं पूरे आठ एब्स बनाए है। डेढ़ साल तक कुछ खाया नहीं। बॉक्सिंग सीखी। स्विमिंग सीखी। दंगल सीखा। तुम लोग बस लाइक करोगे, कमेंट करोगे और चले जाओगे। मेहनत के बारे में कुछ नहीं बोलोगे?

कार्तिक ने आगे कहा, बहुत हुआ हर जगह कि चंदू चैंपियन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है। यह कह-कहकर थक गया हू मैं। अब मैं आप लोगों को बताऊंगा कि आपको यह पिक्चर क्यों नहीं देखनी चाहिए। इसके बाद वीडियो में लिखा आया है, कमिंग सून। अंदाजा लगाया जा रहा है कि कार्तिक जल्द ही एक और नया वीडियो जारी करने वाले हैं। देखना होगा उसमें एक्टर क्या कहेंगे।

राजकुमार राव के साथ पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी मानुषी छिल्लर



श्रीकांत की सफलता के बाद बॉलीवुड के गलियारों में बहती हवाओ ने कहा था कि राजकुमार राव निर्माता जय शेवक्रमाणी की अगली फिल्म करने जा रहे हैं, जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी पुलकित को सौंपी गई, जिन्हें भक्षक के लिए जबरदस्त तारीफें मिली थीं। अब बहती हवाओं का कहना है कि निर्माताओं ने राजकुमार राव के अपोजिट मानुषी छिल्लर को साइन कर लिया है। इसमें पहली बार राजकुमार राव की पूर्व ब्यूटी क्वीन मानुषी छिल्लर के साथ ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। पिंकविला की रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया, निर्माता नई कास्टिंग की तलाश में थे और राजकुमार और मानुषी की जोड़ी कुछ नया लेकर आई है। फिल्म में दोनों की जोड़ी दिलचस्प होगी। इससे पहले पता चला था कि यह फिल्म एक गैंगस्टर ड्रामा है। जय के अनुसार, अभिनेता ने न केवल बिंदीदार रेखा पर हस्ताक्षर किए थे, बल्कि उन्होंने यह भी दावा किया था कि वे मई में प्री-प्रोडक्शन चरण में थे। हाल ही में सूत्र ने खुलासा किया कि फिल्म के अगले महीने भारत में फ्लोर पर जाने की उम्मीद है और निर्माता इसे अगले साल रिलीज करने के इच्छुक हैं। सूत्र ने कहा, कथानक के विवरण को अभी गुप्त रखा गया है, हालांकि, निर्माता सितंबर 2024 में मैराथन शेड्यूल के साथ फिल्म को फ्लोर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। राजकुमार राव इस सहयोग को लेकर उत्साहित हैं और यह उनके लिए कॉमिक स्पेस से एक ब्रेक होगा।

इस बीच, राजकुमार राव अपनी बहुप्रतीक्षित हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 के प्रमोशन में व्यस्त हैं, जिसमें उनके साथ श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी मुख्य किरदार निभा रहे हैं। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

अर्जुन रामपाल का एक्स अकाउंट हैक



अभिनेता अर्जुन रामपाल का एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) हैक हो गया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए यह जानकारी प्रशंसकों को दी है। साथ ही उन्होंने प्रशंसकों को आगाह भी किया है कि वे किसी भी ट्वीट और मैसेज पर प्रतिक्रिया न दें।

प्रशंसकों को किया सतर्क

अभिनेता ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने अपने प्रशंसकों को सतर्क करते हुए लिखा है, अच्छी खबर नहीं है। मेरा एक्स अकाउंट हैक हो गया है। आप किसी भी मैसेज या ट्वीट का जवाब न दें। पोस्ट पर एक्टर के फैंस भी उन्हें सावधानी बरतने का सुझाव दे रहे हैं।

पार्टनर गेब्रिएला ने जताई हैरानी

फिलहाल अर्जुन रामपाल ने अपने प्रशंसकों को सतर्क कर दिया है, जिससे कोई अभिनेता के नाम पर हैकर्स के झांसे में न आए। प्रशंसकों के साथ-साथ अभिनेता की पार्टनर गेब्रिएला डेमेट्रिड्स ने भी उनके पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए हैरानी वाला इमोजी पोस्ट किया है। वर्क फ्रंट की बात करें तो अर्जुन रामपाल को बीते दिनों क्रैक - जीतेगा तो जिएगा फिल्म में देखा गया था। यह फिल्म इस साल फरवरी में रिलीज हुई थी, जिसमें अर्जुन विद्युत जामवाल के साथ नजर आए थे।

घुड़चढ़ी में देविका का किरदार बिल्कुल मेरे जैसा

बिनॉय गांधी के डायरेक्शन में बनी फिल्म घुड़चढ़ी में 90 के दशक की मशहूर जोड़ी संजय दत्त और रवीना टंडन लंबे अरसे के बाद दर्शकों को साथ दिखाई देगी। वहीं, फिल्म में खुशाली कुमार और पार्थ समथान भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। खुशाली कुमार ने इस फिल्म को अपने करियर की काफी अलग और मजेदार किरदार बताया। फिल्म में देविका की भूमिका निभा रही खुशाली कुमार ने कहा- मेरी पहले की फिल्मों से काफी अलग और मजेदार किरदार है। मैं हमेशा से कॉमेडी करना चाह रही थी। मुझे बताया गया था कि देविका का किरदार बिल्कुल मेरे जैसा ही है। डायरेक्टर ने बताया था कि इस फिल्म के लिए आप जैसे हो वैसे ही रहना है। मुझे यह फिल्म करने में बहुत मजा आया। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें संजय सर और रवीना मैम के साथ काम करने का मौका मिला है। उनके साथ काम करने का मतलब सपने सच होने जैसा है।

संजय सर को बस देखते ही रह गई

खुशाली कुमार ने संजय दत्त से पहली मुलाकात का किस्सा शेयर करते हुए कहा- मेरे लिए फैन मोमेंट्स था। पहली बार संजय सर जब फिल्म के सेट पर आए तो पिन ड्रॉप साइलेंट हो गया था। उनकी एनर्जी और औरा ही इस तरह से है कि बस आप उन्हें देखते रहें। उनका व्यक्तित्व ऐसा है कि उनको सिर्फ देखकर ही आप इन्जॉय करने लगते हो।

रवीना टंडन को मां कहना आसान नहीं था

इस फिल्म में रवीना टंडन ने खुशाली कुमार की मां का किरदार निभाया है। खुशाली कुमार ने कहा- रवीना मैम के साथ काम करने का बहुत ही मजेदार अनुभव रहा है। वो बहुत ही स्वीट और हॉट हैं। इसलिए उनको मां कहना आसान नहीं था। एक सीन में उन्होंने कहा भी कि खुशाली को ममता भरी निगाहों से देख रही हूं, लेकिन वो वैसे नहीं देख रही है। वो बहुत ही अच्छी कलाकार हैं। उनके साथ जो भी सीन्स किए, बहुत मजा आया।



वरुण धवन को कृति सेनन ने कहा धोखेबाज

मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित सुपरनैचुरल यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म स्त्री 2, स्वतंत्रता दिवस 2024 पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। वहीं इस फिल्म में भी एक नए किरदार का कैमियो देखने को मिलने वाला है। हाल ही में, स्त्री 2 का नया गाना खूबसूरत रिलीज हुआ है जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें श्रद्धा कपूर के साथ वरुण धवन रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। वहीं खूबसूरत गाने के रिलीज के बाद अब कृति सेनन ने रिएक्ट करते हुए वरुण धवन को धोखेबाज कहा है। कृति सेनन और वरुण धवन भेड़िया में साथ में लीड रोल में दिखाई दिए थे। वहीं अब श्रद्धा कपूर के साथ वरुण को रोमांटिक डांस करता देख एक्ट्रेस ने अपना रिएक्शन शेयर किया है। कृति ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कृति सेनन ने लिखा, धोखेबाज! तुम्हारी जिंदगी में स्त्री नंबर 2 है। बता दें कि वरुण धवन, श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 में कैमियो रोल में दिखाई देने वाले हैं। वरुण ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक मजेदार एडिट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कृति सेनन से बदला लेने वाली बात कही है। इस वीडियो में फिल्म स्त्री जो 2018 में रिलीज हुई थी उसका गाना आओ कभी हवेली पे दिख रहा है, जिसमें राजकुमार को कृति के साथ डांस करते देखा जा सकता है। वहीं उसके दूसरे पार्ट में वरुण धवन और श्रद्धा कपूर स्त्री 2 के खूबसूरत गाने पर रोमांस करते दिखाई दे रहे हैं। स्त्री 2 में पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना भी लीड रोल में हैं। जियो स्टूडियो और दिनेश विजान द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है। दिनेश विजान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में आएगी।



इस फिल्म के फ्लॉप होने से डिप्रेशन में चले गए थे फरहान अख्तर

अभिनेता और निर्देशक फरहान अख्तर ने कई ब्लॉकबस्टर हिट फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है। हालांकि, ऋतिक रोशन अभिनीत फिल्म लक्ष्य के साथ उनकी मुश्किलें बढ़ीं, जो कड़ी मेहनत और आकर्षक कहानी के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर असफल रही।

अब फरहान अख्तर ने अपनी हालिया बातचीत में बताया कि कैसे वह अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की विफलता के बाद डिप्रेशन से पीड़ित हो गए थे। इतना ही नहीं इससे निकलने में फरहान को डेढ़ साल का लंबा वक्त लग गया था। फरहान अख्तर ने ऋतिक रोशन अभिनीत फिल्म लक्ष्य के फ्लॉप होने के बाद डिप्रेशन से पीड़ित होने के दर्द को याद किया। उन्होंने खुलासा किया कि इस फिल्म में उन्होंने जो प्रयास किया वह बेजोड़ था, जो उनके बचपन के विश्वास से प्रेरित था कि कड़ी मेहनत का हमेशा फल मिलता है। फरहान ने कहा, बचपन से सुनते आ रहे हैं, दिल से मेहनत करो तो इनाम मिलेगा। मुझे यकीन था कि मैंने अपने जीवन में इतनी मेहनत नहीं की, जितनी इस फिल्म के लिए की। अभिनेता-निर्देशक ने यह भी साझा किया कि कैसे वे जनरल निर्मल चदर विज के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग के साथ भारतीय सेना को प्रभावित करने की तैयारी कर रहे थे। हालांकि, चीजें उम्मीद के मुताबिक नहीं हुई और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। फरहान अख्तर ने अपनी बात में जोड़ा, जब फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, तो मैं बहुत उदास हो गया था। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि इतनी कड़ी मेहनत करने के बाद यह कैसे हो गया। मुझे डिप्रेशन से निकलने में डेढ़ साल लग गए। फरहान ने यह भी बताया कि उस समय थेरेपी की कोई अवधारणा नहीं थी, इसलिए उन्होंने दोस्तों के साथ देहरादून की यात्राएं कीं और भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) का दौरा किया।

करण जौहर को आज तक है इस बात का खेद

करण जौहर बॉलीवुड के मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक हैं करण ने 1998 की फिल्म कुछ कुछ होता है से निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा था। उन्होंने 26 वर्षों में खुद को बॉलीवुड के सबसे प्रभावशाली फिल्म निर्माताओं में से एक के रूप में स्थापित किया है। जाकिर खान के साथ बातचीत में करण ने इंडस्ट्री में अपने पिता की यात्रा पर विचार किया करण ने कहा कि पिता की कई असफलताओं को देखकर एहसास हुआ कि कुछ भी आसान नहीं होता है। करण ने बताया कि उन्हें इस बात का खेद है कि उनके पिता धर्मा प्रोडक्शन का अच्छा फेज नहीं देख पाए।